इंदौर
गुरुवार
19 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 155

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

एक मंच पर 3 बड़ी ताकतें

जिनपिंग से गर्मजोशी से मिले ट्रंप और पुतिन

बीजिंग ● एजेंसी

चीन के शेनझेन में एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक को ऑपरेशन (एपीईसी) के शिखर सम्मेलन में 21 देशों का जमावड़ा लगा हुआ है। इस जमावड़े के बीच दुनिया के तीन सुपर पॉवर्स 80 साल में पहली बार एक साथ नजर आए।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों ने जिनपिंग से गर्मजोशी से मुलाकात की और अलग अंदाज दिखा। अमेरिका और रूस समेत 21 देशों के राष्ट्राध्यक्ष इस सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। बैठक में ईरान युद्ध, यूक्रेन युद्ध समेत 5 जरूरी मुद्दों पर चर्चा होगी।



न्यूक्लियर ब्रीफकेस के साथ पहुंचे पुतिन

बीजिंग.एजेंसी। एपीईसी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन अपने साथ न्यूक्लियर ब्रीफकेस लेकर आए। इस ब्रीफकेस का इस्तेमाल परमाणु हमले को अधिकृत करने के लिए किया जा सकता है। यानी यह रूसी परमाणु हथियारों का कंट्रोल सिस्टम है, जिसे हर वक्त राष्ट्रपति की निगरानी में रखा जाता है।

राहुल ने अमेरिका में कहा- चुनाव का बहिष्कार नहीं करेंगे

शिकागो ● एजेंसी

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो में प्रोफेसर रॉबर्ट पेप के साथ हुए संवाद के दौरान राहुल गांधी ने कहा, 'भारतीय लोकतंत्र हमारे लिए पवित्र है। मेरे लिए, यह कहना भी मुश्किल है कि भारतीय लोकतंत्र में कोई समस्या है। अगर हमने चुनावों का बॉयकॉट करने का फैसला किया, तो उसी पल भारतीय लोकतंत्र खत्म हो जाएगा।' राहुल ने कहा, 'हम लोकतंत्र को खत्म नहीं करना चाहते। हमारी स्ट्रैटजी है कि हम लड़ें और भारत के लोगों को बताएं कि देश में क्या चल रहा है। विपक्ष को चुनावी प्रक्रिया में काफी नुकसान उठाना पड़ा है। इसके बावजूद चुनाव का बहिष्कार नहीं करेंगे।'



बांग्लादेश में हिंसा बम धमाके, पूर्व प्रधानमंत्री का घर फूंका

ढाका.एजेंसी। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के लॉकडाउन के बीच ढाका में बम धमाके हुए और पूर्व अंतरिम सरकार प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुश्तैनी घर जला दिया गया। ग्रामीण बैंक की शाखाओं और राजनीतिक नेताओं की संपत्तियों पर भी हमले हुए। ढाका में 565 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देश के कई इलाकों में आगजनी, तोड़फोड़ और बम धमाकों की घटनाएं सामने आई हैं।

सिलेंडर ब्लास्ट से घर में लगी आग, मां और दो बच्चियां जिंदा जलीं

शामली.एजेंसी। उत्तरप्रदेश के शामली में देर रात एक घर में रखे सिलेंडर से ब्लास्ट होने से मकान में आग लग गई जिससे एक महिला और 2 बच्चियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। तीनों हादसे के समय कमरे में सो रहे थे।

डिजिटल पेमेंट पर 300 नहीं 5 रुपए लगेगा चार्ज

नई दिल्ली.एजेंसी। डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल करने वाले देश के लाखों कारोबारियों और थोक व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आ रही है। नए पेमेंट फ्रेमवर्क के तहत एक व्यापारी से दूसरे व्यापारी बीटूबी को होने वाले यूपीआई भुगतान पर अब प्रति ट्रांजैक्शन 300 रुपए के भारी-भरकम शुल्क के बजाय महज 5 रुपए का फ्लैट चार्ज लगने की संभावना है। एनपीसीआई के इस संभावित फैसले से बड़े लेनदेन पर कारोबारियों की जेब पर पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ पूरी तरह खत्म हो जाएगा। नए प्रस्ताव के मुताबिक, अब व्यापारियों के आपसी लेनदेन पर रकम चाहे जितनी भी बड़ी हो, शुल्क सिर्फ 5 रुपए ही लगेगा।

मोदी ने इंदिरा गांधी को याद किया

गुरुवार.एजेंसी। देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की आज 109वीं जयंती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर इंदिरा जी को याद कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के कई नेता दिल्ली में इंदिराजी के समाधि स्थल पहुंचे और श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दाऊद के घर पर चला बुलडोजर



मुंबई.एजेंसी। मुंबई में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहीम के भिंडी बाजार स्थित पुराने घर पर बीएमसी ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी है। जर्जर और खतरनाक हो चुकी इमारत को गिराया जा रहा है। इसी घर में मस्जिद है, लेकिन पूरी मस्जिद को नहीं गिराया जा रहा यहीं पर दाऊद की डी कंपनी का मुख्यालय था। बुलडोजर कार्रवाई के विरोध को देखते हुए बड़ी तादाद में पुलिस बल तैनात किया गया है।

कांग्रेस को 70 सीटें भी नहीं देना चाहती सपा

लखनऊ.एजेंसी। समाजवादी पार्टी की ओर से साफ कर दिया गया है कि पार्टी पिछली बार जीती कोई सीट नहीं छोड़ेगी। साथ ही जिन सीटों पर पार्टी नंबर दो थी वे सीटें भी कांग्रेस को नहीं देगी। ऐसे में कांग्रेस के कोटे में सीटों की संख्या 70 से ऊपर जाती नहीं दिखती। पिछली बार सपा 334 सीटों पर पहले व दूसरे नंबर पर रही थी। ऐसे में अब सिर्फ 69 सीटें बचती हैं। ये 69 सीटें भी सपा अकेले कांग्रेस को नहीं देना चाहती। वह कुछ सीटें छोटे दलों को भी देगी।

दिल्ली एयरपोर्ट पर घुसा संदिग्ध

नई दिल्ली.एजेंसी। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय आईजीआई एयरपोर्ट पर एक संदिग्ध सुरक्षा में सेंध लगाकर घुसने लगा। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ ने इस घुसपैठिये को पकड़कर उसकी कोशिश को नाकाम कर दिया। यह व्यक्ति बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के जबरन टर्मिनल-3 में घुसने का प्रयास कर रहा था। सीआईएसएफ के जवानों ने उसे कुछ ही सेकंड में पकड़ लिया।



कोहरे के कारण भिड़ी दो बाइक, 5 की मौत, पुल से गिरी कार 6 की मौत

गुरुवार ● एजेंसी

उत्तरप्रदेश के बलरामपुर में कोहरे के कारण दो मोटरसाइकिलों की जबर्दस्त भिड़ंत में 5 युवकों की मौत होगई जबकि 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों गाड़ियों के भी परखच्चे उड़ गए। उधर बिहार के अररिया जिले में तिलक समारोह से लौट रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पुल से नदी में जा गिरी। इस भीषण हादसे में ड्राइवर समेत 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक को बचा लिया गया।

भाखड़ा नहर का पुल टूटा; 2 ट्रक धंसे, एक में लगी आग

पंजाब के पटियाला में पटियाला-संगरूर बाईपास पर गांव पसियाना के पास भाखड़ा नहर पर बना पुल अचानक टूट गया। हादसे के वक्त पुल से गुजर रहे दो ट्रक इसकी चपेट में आ गए और पुल के टूटे हिस्से में ही धंस गए। इस दौरान एक ट्रक में आग लग गई।

मप्र में पहली बार पारा 9 से नीचे गया

गुरुवार ● एजेंसी

आज चक्रवाती तूफान आंधप्रदेश और ओडिशा से टकरा सकता है। इस तूफान के कारण तेज हवाएं चलने लगी हैं और भारी बारिश भी हो सकती है। ओडिशा के 6 जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए। तूफान का असर मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों पर पड़ने लगा है और यहां भी मौसम ठंडा हो गया है। मप्र के कटनी के करौंदी में पारा 9 डिग्री से भी नीचे चला गया। मप्र में अगले एक दो दिनों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

महापौर के दोनों झूठ उजागर, अब शहर से माफी मांगे-चौकसे

स्वच्छता का डैशबोर्ड अभी तक जारी क्यों नहीं हुआ?

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे एवं इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने कहा है कि केंद्र सरकार के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम की घोषणा के बाद अब तक डैशबोर्ड में अंक तालिका जारी नहीं की गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने दावा किया था कि एक-दो दिन में यह अंक तालिका जारी हो जाएगी, जिससे इंदौर की श्रेष्ठता पूरे देश के सामने होगी। हकीकत यह है कि महापौर के कार्यकाल में की गई लापरवाही ने इंदौर से देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव छीन लिया है।

चौकसे ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिस दिन भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम की घोषणा करते हुए पुरस्कार वितरण किए गए थे उसी दिन हमने यह कहा था कि महापौर की लापरवाही इस शहर के गौरव पर भारी पड़ी है। उस समय पर महापौर के द्वारा यह दावा किया गया था कि एक-दो दिन में भारत सरकार डैशबोर्ड पर अंक तालिका जारी कर देगी जिससे यह दिख जाएगा कि इंदौर को पूरे देश के सारे शहरों में सबसे ज्यादा अंक मिले हैं। अब तो स्वच्छता सर्वेक्षण के पुरस्कार समारोह को हुए एक सप्ताह बीत गया है। अभी तक भारत सरकार की ओर से डैशबोर्ड पर अंक तालिका जारी नहीं की गई है। इस तरह महापौर के द्वारा अपनी नाकामी को छुपाने के लिए शहर की जनता से बोले गए झूठ की हकीकत सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि भार्गव के कार्यकाल में इंदौर को कोई उपलब्धि तो नहीं मिली लेकिन इंदौर के पास पहले से जो उपलब्धियां थीं वे भी इंदौर ने खो दी है। हर छोटे से बड़े काम का श्रेय लेने वाले महापौर को चाहिए कि वह स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर के पराजित होने का जिम्मा भी स्वीकार करें। इस शहर की जनता से माफी मांगें कि उन्होंने झूठ बोला कि इंदौर को सबसे ज्यादा अंक मिले हैं। इंदौर जिस सुपर लीग में शामिल था उसमें भी भारत सरकार के द्वारा जो तीन रैंकिंग दी गई उसमें इंदौर का नाम नहीं रहा। यह महापौर के कार्यकाल की सबसे बड़ी असफलता है।

5000 कर्मचारियों को विनियमित करने का आदेश भी जारी नहीं

चौकसे ने कहा कि झूठ बोलने और भ्रम फैलाने में हमारे महापौर मास्टर हैं। पिछले दिनों महापौर परिषद की बैठक के बाद उन्होंने दावा किया था कि इंदौर नगर निगम के 5000 कर्मचारियों को विनियमित कर्मचारी बना दिया जाएगा। उसी वक्त कांग्रेस के द्वारा यह तथ्य सामने रखा गया था कि 1650 कर्मचारियों को विनियमित करने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश है। इसके अलावा किसी भी कर्मचारी को विनियमित करने का इंदौर नगर निगम को कोई अधिकार नहीं है। महापौर के द्वारा झूठ बोलकर कर्मचारियों को बरगलाया गया। मेरा कहना है कि यदि महापौर ने सच बोला था तो उन्हें इन 5000 कर्मचारियों को विनियमित करने का निगम आयुक्त का आदेश सार्वजनिक करना चाहिए। हकीकत तो यह है कि आयुक्त के द्वारा 5000 कर्मचारियों के लिए कोई आदेश ही जारी नहीं किया गया है। ऐसे में महापौर का यह झूठ भी उजागर होकर सामने आ गया है। अब महापौर को चाहिए कि वह शहर की जनता से और नगर निगम के कर्मचारियों से माफी मांगें। झूठ बोलने के बजाय हकीकत को स्वीकार करने की आदत अब कम से कम अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में उन्हें डाल लेनी चाहिए।

भाजपा नेता ने जला दी सोनिया गांधी की किताब

साथ में जन्मदिन अवसर पर कमलनाथ और राजीव गांधी के चित्र भी जला दिए







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा नेता और सिख समाज से जुड़े भाजपा संगठन महामंत्री गौरव रणदिवे के करीबी ऋषि खनूजा ने कल कमलनाथ के जन्मदिन वाले दिन सोनिया गांधी की नई किताब इस बात के लिए जलाई कि उस किताब में सिख दंगों में कमलनाथ का जिक्र नहीं है। इस किताब के साथ दो चित्र भी कमलनाथ और राजीव गांधी के रखे गए, किताब और दोनों चित्र भी जलते हुए दिखाई गए और सोशल मीडिया पर किताब व चित्र जलाने के फुटेज भी वायरल किए गए। ऋषि खनूजा ने कहा कि 1984 के सिख दंगों के आरोपी कमलनाथ का कल जन्मदिन था इसलिए उनका भी चित्र किताब के साथ जलाया गया और प्रश्न भी किया कि सोनिया गांधी को किताब में सिख दंगों का जिक्र करते हुए दोनों आरोपी कमलनाथ और राजीव गांधी का भी जिक्र करना था।

ऋषि खनूजा ने किताब और छोटे चित्र जलने के दौरान भारत माता के जय के नारे भी गुंजाए।



ताई ने किया सत्यनारायण भगवान का पूजन

जत्रा फूड फेस्टिवल की सफलता पर कथा आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मराठी सोशल ग्रुप द्वारा गांधी हॉल परिसर में आयोजित मराठी फूड फेस्टिवल 'जत्रा' के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में सत्यनारायण भगवान की कथा एवं पूजन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में मराठी समाजजन और ग्रुप से जुड़े पदाधिकारी, सदस्य भी मौजूद रहे। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन भी पहुंची और उन्होंने भी भगवान सत्यनारायण का पूजन किया। गजानन गावड़े, सुरेश टाकलकर, राजेश शाह, सुधीर दांडेकर सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपाइयों ने मिलन में रंगोली से बना दिया विधायक वर्मा का चित्र





साथ में उकेरा कमल निशान भी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गुरु गोविंदसिंह मंडल राऊ विधानसभा में दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में मंडल के अलावा राऊ विधानसभा के प्रमुख नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी भी पहुंचे थे। मनीष शर्मा ने बताया कि इस मिलन समारोह में विधायक मधु वर्मा का चित्र रंगोली से उकेरा गया था और नीचे कमल निशान भी बनाया गया था, जिसे भाजपाइयों ने निहारा और पसंद भी किया।

दिग्विजय सिंह को यात्रा के दौरान पहनाया दुपट्टा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अयोध्या तक स्वाभिमान पैदल यात्रा निकाल रहे हैं। इंदौर के राजेश जोशी ने भी चंदेरी पहुंचकर यात्रा में शिरकत की और उन्हें दुपट्टा पहनाकर सम्मानित भी किया। साथ में गोलू सिरसवाल, वेदप्रकाश पछैया, मनीष नामदेव सहित अन्य भी मौजूद रहे। वाल्मीकि महाराज का चित्र भी भेंट किया गया।







रामप्यारी देवी की स्मृति में भजन संध्या

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रामप्यारी देवी मेंदोला के पुण्यस्मरण दिवस पर भजन संध्या का आयोजन विधायक रमेश मेंदोला ने गणेश मंदिर परिसर नन्दा नगर क्षेत्र में कराया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, पार्षद दम्पति सोनाली विजय परमार, मनोज मिश्रा, चंदू कुंजीर, भूपेन्द्रसिंह चौहान सहित अन्य मौजूद थे। बड़ी संख्या में रहवासी भी पहुंचे थे। संतों की मौजूदगी भी नजर आई। इस भजन संध्या में जसराज महाराज ने कीर्तनों की प्रस्तुति दी।

भाजपा मीडिया विभाग की बैठक में इंदौरी भी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश भाजपा मीडिया विभाग की बैठक भोपाल में आयोजित की गई। इंदौर से जुड़े जेपी मूलचंदानी और सागर कसेरा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी इस बैठक में मौजूद रहे, जिस तरह से विपक्षी दल अभी गलत नैरेटिव बना रहे हैं, जनता के बीच भ्रम फैला रहे हैं, भाजपा मीडिया विभाग उसका तथ्यों के साथ जवाब दें। वहीं मीडिया विभाग के जिम्मेदार पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने व आगे बढ़ाने के लिए कार्य करे। बैठक में इंदौर से जेपी मूलचंदानी, आलोक दुबे, सागर कसेरा, दिव्या गुप्ता, आदित्य दीक्षित, मनस्वी पाटीदार, नितिन द्विवेदी, बृजगोपाल लोया मौजूद थे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के यहां भोज में शामिल हुए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन अपने भोपाल निवास पर किया। इसमें प्रदेश भर के जिला-शहर अध्यक्ष, जिला प्रभारी, संभाग प्रभारी, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद सहित अन्य भी मौजूद रहे। पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता और उनके साथ मदन प्रजापत भी मौजूद रहे।



कांग्रेसियों ने किया इन्दिरा गांधी को याद

कई कांग्रेसी करते रहे नाश्ता निमंत्रण का इंतजार, गुरुवार होने से गर्ग के ऑफिस के पास लगा था हाट, इसलिए नहीं कराई पेटपूजा







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

देश की पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की जयंती आज इन्दिरा प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने मनाई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे परिवार के साथ बाहर होने की वजह से कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए उनकी जगह माल्यार्पण कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने किया। संचालन से लेकर पूरी व्यवस्था संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने संभाली। हमेशा इन्दिरा प्रतिमा पर आयोजन के दौरान शैलेष गर्ग अपने नवलखा कार्यालय पर कांग्रेसियों को नाश्ता कराते हैं, आज भी कांग्रेसियों को उम्मीद थी लेकिन गुरुवार को हाट होने की वजह से शैलेष गर्ग के कार्यालय क्षेत्र में पैर रखने की जगह नहीं थी इसलिए कांग्रेसियों को आज नाश्ता नहीं मिला। कांग्रेसी आज नाश्ते का इंतजार करते रहे। देश की अखंडता और एकता के साथ साम्प्रदायिक ताकतों से लड़ने की शपथ दिनेश मल्हार ने दिलाई। कार्यक्रम में शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, अरविंद बागड़ी, अर्चना जायसवाल, इम्तियाज बेलिम, धर्मेन्द्र गेंदर, किरण जिरेती, दीपक मलोरिया रानू, गजेन्द्र वर्मा, विकास जोशी, दिनेश मल्हार, पवन जैन, नीलेश सेन, कमलेश पाठक, कुशलराज जैन, श्यामसुन्दर यादव, लक्ष्मीनारायण पाठक, दिलीप सुरागे, रामेश घाटे, अनिल यादव सहित अन्य मौजूद थे। सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अनिवाश भार्गव भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर शासन और अधिकारियों की लापरवाही -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर शासन और अधिकारियों के संरक्षण में नियमों की अनेदखी कर लापरवाही की जा रही है। इंदौर, भोपाल, मक्सी, रतलाम आदि सभी नेशनल हाईवे पर स्पीड ब्रेकर पर ना तो रेडियम लगे हैं और संकेतक सूचना पटल भी अंकित नहीं है। द्विवेदी ने कहा कि कानूनन सड़क सुरक्षा एवं मानक तथा नियमावलियां कहती हैं कि टोल टैक्स नाकों से लेकर सभी स्पीड ब्रेकर पर रेडियम लगे होना चाहिए, सड़क किनारे स्थित



पेड़ों पर भी रेडियम लगे होने चाहिए, आबादी क्षैत्रो की सूचना 1 किलोमीटर पहले से लगी होनी चाहिए। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि मप्र के सतना, जबलपुर आदि क्षेत्रों में रेडियम सड़क किनारे तथा यातायात गतिरोध स्पीड ब्रेकर पर लगे हैं,सीहोर से आष्टा के बीच कही भी पेड़ों पर रेडियम नहीं लगे हैं इंदौर से देवास तथा देवास से सोनकच्छ के बीच स्पीड ब्रेकर दुघर्टना को दावत दे रहे है। अभी दो दिन पहले भी दो मौतें हुई और जनता ने 3 घंटे तक चक्काजाम किया। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि सड़क पर वाहन चलाना एवं सुरक्षित रहना दोनों दुष्कर कार्य है, लगातार घटनाएं हो रही है परंतु सरकार लीपापोती कर रही है।



विधायक और पार्षद की जोड़ी ने दी सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 5 के वार्ड 54 में स्थित पंचशील नगर कॉलोनी में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया एवं पार्षद महेश बसवाल ने सड़क निर्माण की सौगात भूमिपूजन के साथ की गई। रहवासियों ने हार्डिया और बसवाल का स्वागत किया। उमेश मंगरोला, गोपाल सिंगार, दुर्गेश मिंजवा, दिनेश रोकड़े, अतुल राजपूत, करण ऑटोदिया, रोहन गांधी, रवि लोनखेड़े, अजय चौहान, नारायणी बरेठा, गीतांजलि पीवाल, राजेश सनोतिया, सुभाष सोलंकी, मुकेश सुख्यानी, आशीष मुजाल्दे, बिट्टू कदम, सुनीता चौधरी, गीता कनौजिया, नीतू वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

माला पहना रहे विधायक से विजयवर्गीय बोले-यह माला तो सीएम के लिए होगी

विधायक ने भी भगवान की कसम खाकर भरोसा दिलाया कि आपके लिए ही है

जावरा में मंत्री ने ली चुटकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

रतलाम जिले के जावरा में विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय के पुत्र के विवाह समारोह में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मजेदार अंदाज में चुटकी ली। मंत्री के स्वागत के दौरान विधायक माला लेकर पहुंचे तो मंत्री ने हंसते हुए कहा ये माला तो सीएम साहब की होगी! इस पर विधायक ने भगवान की कसम खाकर कहा कि माला उन्हीं के लिए है। इसके बाद मंत्री ने वर-वधू को आशीर्वाद भी दिया।





मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने बयान और राजनीतिक चुटकियों के कारण हमेशा चर्चा में रहते हैं। कल जब वे जावरा में विधायक के यहां शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे तो उनकी अगवानी विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने की। कार का गेट खुलते ही जब विजयवर्गीय ने माला लेकर खड़े पाण्डेय को देखा तो सुंदर माला देख बोले यह माला तो सीएम साहब के लिए होगी, इस पर पांडेय ने कहा कि यह माला आपके गले में डालने के लिए ही है, आपके लिए ही बनी है। इसके बाद विधायक ने भगवान की कसम भी खा ली। विजयवर्गीय के इस चुटीले अंदाज के बाद जमकर ठहाके लगे।

आज सुबह ठंड ने दिखाया जोर

मौसम विभाग के अनुसार तापमान में नहीं हुआ है कोई बड़ा बदलाव

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज सुबह के समय जो लोग अपने घर से बाहर निकले और वॉकिंग करने अथवा अन्य कार्य के लिए जाने लगे उन्हें तेज ठंड का एहसास हुआ। इन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार मौसम में ऐसा कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है तापमान में कोई तेजी से नीचे नहीं गिरा है और न ही हवा की गति में कोई अंतर आया है। इसके बाद भी आज सुबह के समय नागरिकों को तेज हवा के साथ ठंड महसूस हो रही थी। इस ठंड को देखते हुए नागरिक गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकले लेकिन थोड़ी देर बाद ही धूप निकल गई और लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा। मौसम की स्थिति यथावत होने के बाद भी ठंड में आए बदलाव के कारण लोग अचंभित हो गए।

100 सीसीटीवी कैमरों से होगी सीधी निगरानी

मामला गोमा की फेल का

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गोमा की फेल में गलत गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया और पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया के प्रयास से 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाना है, जिनमें से अभी 50 कैमरे लगवा दिए गए हैं। असामाजिक तत्वों की गतिविधि और नशाखोरी पर अंकुश लगाया जाएगा। इस नई कैमरा व्यवस्था का लोकार्पण विधायक महेन्द्र हार्डिया, पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह और नन्दकिशोर पहाड़िया करेंगे। पुलिस सीधे कन्ट्रोल रूम से निगरानी भी असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों पर करेगी। उक्त जानकारी नन्दकिशोर पहाड़िया ने दी।



कांग्रेस पार्षद और पति ने किया सड़क निर्माण के लिए पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 5 के वार्ड 52 की अलकापुरी में नई सड़क निर्माण के लिए क्षेत्रीय रहवासियों के साथ पार्षद सावित्री चौधरी और उनके पति सुदामा चौधरी ने भूमिपूजन कर सौगात दी। इस दौरान राजेश पंडित, दीपक सोनकर, महेंद्र सोनकर, बाबू मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

बड़ी जमीनों के खाते नहीं खोलने वाले 2 एआरओ पर होगी कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बायपास स्थित बड़े कॉर्पोरेट घराने की जमीन का मामला सामने आने के बाद निगमायुक्त के सख्त तेवर, डायवर्सन की तारीख से टैक्स वसूली के निर्देश

नगर निगम के राजस्व विभाग में बड़ी जमीनों के खाते नहीं खोलने और टैक्स वसूली में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर अब कार्रवाई की तैयारी है। जोन 22 में बायपास स्थित एक बड़े कॉर्पोरेट घराने की जमीन का खाता सालों से नगर निगम के राजस्व रिकॉर्ड में नहीं खोला गया था। जांच में सामने आया कि जमीन का डायवर्सन होने के बावजूद निगम ने न तो इसका खाता खोला और न ही संपत्तिकर की वसूली की। मामला सामने आने के बाद निगमायुक्त ने सख्त नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

11 साल बाद भी नहीं खुले गांवों की जमीनों के खाते

वर्ष 2014 में नगर निगम सीमा का विस्तार कर 29 गांवों को निगम में शामिल किया गया था। इसके बाद इन गांवों का राजस्व रिकॉर्ड पंचायत से नगर निगम के जोन कार्यालयों में स्थानांतरित किया जाना था। निगम की सीमा बायपास से लेकर सांवेर तहसील के गांवों तक पहुंच गई, लेकिन करीब 11 साल बाद भी कई जमीनों के खाते राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पाए हैं। इससे निगम को हर साल करोड़ों रुपए के संपत्तिकर का नुकसान होने की आशंका है।

2 एआरओ पर कार्रवाई की तैयारी

ताजा मामला जोन 22 की बड़ी जमीन से जुड़ा है। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में जिम्मेदारी तय होने के बाद एआरओ कबीर रेवार और सलमान खान पर कार्रवाई हो सकती है। दोनों अधिकारियों की ओर से खाता नहीं खुलने की जिम्मेदारी पूर्व में पदस्थ एआरओ पर बताई जा रही है। उनका कहना है कि उन्हें पदस्थ हुए अभी दो महीने ही हुए हैं। हालांकि निगमायुक्त ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया है।

6 जोन में बड़ी जमीनों की जांच

निगमायुक्त ने जोन 22 के अलावा जोन 7, 14, 17, 13 और 5 में भी बड़ी जमीनों के राजस्व रिकॉर्ड की जांच के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को कहा गया है कि जिन जमीनों के खाते निगम में नहीं खुले हैं, उनके मालिकों को नोटिस जारी कर खाते खुलवाए जाएं और नियमानुसार डायवर्सन की तारीख से संपत्तिकर की वसूली की जाए।

अब पुराने रिकॉर्ड भी खंगालेंगे

इस कार्रवाई के बाद निगम का राजस्व विभाग पुराने रिकॉर्ड खंगालने में जुटेगा। खासतौर पर बायपास और विस्तारित सीमा में आने वाली बड़ी जमीनों पर फोकस रहेगा। निगम का उद्देश्य वर्षों से बकाया संपत्तिकर की वसूली के साथ भविष्य में राजस्व का नुकसान रोकना है।

जैन दिवाकर विद्या निकेतन विवाद की गूंज अब देशभर में, चेन्नई से जलगांव तक गुरुभक्तों में आक्रोश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

25 करोड़ रुपये के प्रस्ताव, ट्रस्टियों के इस्तीफे, नाम-उद्देश्य में बदलाव और निजी हाथों में प्रबंधन सौंपने की चर्चाओं पर उठे सवाल; 'दिवाकर विद्या निकेतन बचाओ' की आवाज हुई बुलंद

जैन दिवाकर विद्या निकेतन को लेकर इंदौर में शुरू हुआ विवाद अब शहर की सीमाओं से बाहर निकलकर देशभर के स्थानकवासी जैन समाज में चर्चा का विषय बनता जा रहा है। संस्था के नाम और मूल उद्देश्यों में बदलाव, 25 करोड़ रुपये लेकर एक ही व्यक्ति के चार ट्रस्टी नामित किए जाने की चर्चाएं, गैर जैन संस्था के साथ शिक्षण संचालन को लेकर संभावित समझौते और प्रबंधन निजी हाथों में सौंपने की आशंकाओं ने उन गुरुभक्तों और दानदाताओं को भी चिंतित कर दिया है, जिनका इस संस्थान की स्थापना और निर्माण से भावनात्मक जुड़ाव रहा है।

विवाद के बीच ट्रस्टियों से इस्तीफे लिए जाने की चर्चाओं ने मामले को और गंभीर बना दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि जिस संस्था की नींव समाज की शैक्षणिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर रखी गई थी, उसके भविष्य से जुड़े इतने महत्वपूर्ण निर्णय आखिर किन परिस्थितियों में और किसकी सहमति से लिए जा रहे हैं?

इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी अब चेन्नई, हैदराबाद, सिकंदराबाद, बेंगलुरु, नासिक, घोड़ नदी, चालीसगांव और जलगांव सहित विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले गुरुभक्तों और दानदाताओं तक पहुंच रही है। बताया जा रहा है कि पूज्य केवल मुनि महाराज की प्रेरणा से जुड़े इन क्षेत्रों के श्रावकों और समाजजनों ने सामने आ रही चर्चाओं पर कड़ा विरोध जताया है। उनका मानना है कि संस्था केवल जमीन, भवन और संपत्ति का नाम नहीं है, बल्कि यह गुरु प्रेरणा, समाज के सामूहिक सहयोग और सैकड़ों दानदाताओं की आस्था का प्रतीक है। इसी चिंता के चलते अब इंदौर में चल रहे 'दिवाकर विद्या निकेतन बचाओ' अभियान से जुड़े लोगों के साथ देश के विभिन्न शहरों के गुरुभक्तों ने संपर्क और संवाद शुरू किया है। संस्था के मूल उद्देश्य, दान की भावना और समाज के प्रति उसकी जवाबदेही को सुरक्षित रखने की मांग उठने लगी है।

समाजजनों का कहना है कि संस्था का विकास होना चाहिए, आधुनिक शिक्षा और बेहतर प्रबंधन भी समय की आवश्यकता है, लेकिन विकास के नाम पर मूल पहचान, उद्देश्य और समाज के अधिकारों से समझौता स्वीकार्य नहीं हो सकता। यदि किसी नई शिक्षण व्यवस्था या प्रबंधन मॉडल पर विचार किया जा रहा है तो उसकी पूरी जानकारी ट्रस्ट के सदस्यों, दानदाताओं और समाज के सामने पारदर्शी तरीके से रखी जानी चाहिए। अब यह मामला केवल इंदौर के कुछ ट्रस्टियों या स्थानीय समाजजनों के बीच का विवाद नहीं रह गया है। देश के अलग-अलग हिस्सों में बसे स्थानकवासी जैन समाज के उन लोगों की भावनाएं भी इससे जुड़ रही हैं, जिन्होंने कभी पूज्य केवल मुनि महाराज की प्रेरणा से इस संस्थान के लिए सहयोग और समर्पण दिया था। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिस संस्थान को गुरु प्रेरणा और समाज के सामूहिक सहयोग से खड़ा किया गया, उसके भविष्य का फैसला भी क्या समाज की सामूहिक सहमति, पारदर्शिता और मूल उद्देश्य को सर्वोपरि रखकर नहीं होना चाहिए? दिवाकर विद्या निकेतन को लेकर उठती आवाज अब एक स्पष्ट संदेश दे रही है संस्था का विकास हो, लेकिन उसकी विरासत, गुरु प्रेरणा और समाज की आस्था की कीमत पर नहीं।

बंबई बाजार में बवाल... टक्कर के बाद हुआ विवाद, किया चक्काजाम

आधी रात में हिन्दूवादियों ने जताया विरोध, 5 थानों का बल तैनात





इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। बीती रात बंबई बाजार चौकी के समीप मामूली टक्कर के बाद बवाल मच गया। बताया जा रहा है कि स्कूटर सवार पिता-पुत्र टक्कर के बाद गिर गए। इसके बाद टक्कर मारने वाला चालक फरार हो गया और इसी बात पर बवाल हो गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई और पुलिसबल भी पहुंच गया। रात करीब साढ़े 12 बजे पंढरीनाथ थाना क्षेत्र बंबई बाजार चौकी के समीप से गुजर रहे पिता-पुत्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसके बाद पंढरीनाथ पुलिस ने पिता की शिकायत पर अज्ञात वाहन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोप लगाया जा रहा है टक्कर मारने वाला वाहन चालक वर्ग विशेष का था और वहीं के कुछ लोगों ने चालक को मौके से रवाना कर दिया। इसी बात पर मामला ने बड़ा रूप ले लिया। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। संवेदनशील इलाका और मामला होने के कारण 5 थानों का बल मौके पर पहुंच गया था। हालांकि चौकी पर पहले से ही पुलिस तैनात थी, इसलिए पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया था। कई हिन्दूवादी मौके पर पहुंचे थे। चक्काजाम की कोशिश भी की गई, लेकिन पुलिस ने समझाइश देकर मामला संभाल लिया।

लिटरेचर फेस्टिवल का तीन दिवसीय आयोजन होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल का तीन दिवसीय आयोजन डेली कालेज में 27 से 29 नवम्बर तक होगा। इसमें देश-दुनिया के लेखक, कलाकार, साहित्यकार, संगीतकार और वक्ता शामिल होंगे। हनुमान अंश की टीम, प्रशासक तुकाराम मुंढे, इला अरुण, सुधांशु पांडे, गीतकार रश्मि विराग, और श्रेयस पुराणिक सहित कई प्रतिष्ठित लोग भी शामिल होंगे। साहित्यिक उत्सव में पुस्तक विमोचन, ओपन माइक, पैनल डिस्कशन, संगीत प्रस्तुतियों के साथ राजघरानों की विरासत पर विशेष सत्र होगा। साहित्य, संगीत, सिनेमा प्रेमियों के लिए यह आकर्षण का केन्द्र रहेगा। हनुमान अंश के निर्देशक विशाल चतुर्वेदी, फिल्म के लोकप्रिय गीत 'मेरे तेरे ही भरोसे हनुमान' के गायक सुनील लोधी अपनी प्रस्तुति देंगे तथा बाल हनुमान की भूमिका निभाने वाले विहान शेडगे आयोजन में शामिल होंगे। वहीं प्रख्यात बुंदेली गायिका कविता शर्मा अपनी गीत-संगीत की प्रस्तुतियां देंगी। तुकाराम मुंढे का विशेष सत्र होगा। गीतकार रश्मि विराग और अभिनेता सुधांशु पांडे, संगीतकार श्रेयस पुराणिक भी तीन दिवसीय साहित्यिक उत्सव में हिस्सा लेने इंदौर आएंगे। निशुल्क आयोजन की शुरुआत 27 नवंबर को शाम 4 बजे होगी। 28 और 29 नवंबर को सत्र सुबह 10 बजे से शुरू होकर रात 9 बजे तक चलेंगे।

भंवरकुआं, केसरबाग रोड फ्लाईओवर के नीचे संकट में खेल गतिविधि

निगम जारी कर रहा है टेंडर पर टेंडर लेकिन काम के लिए कोई तैयार नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भंवरकुआं चौराहा और केसरबाग रोड पर बनाए गए फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे के स्थान पर खेल गतिविधि को शुरू करने का प्रस्ताव संकट में पड़ गया है। इस प्रस्ताव के क्रियान्वयन के लिए नगर निगम टेंडर पर टेंडर जारी कर रहा है लेकिन कोई भी ठेकेदार इस काम को करने के लिए तैयार नहीं है।

इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा जब इन दोनों फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण किया गया था तो उस समय पर प्राधिकरण ने ब्रिज के नीचे के स्थान को अवैध कब्जे और अतिक्रमण से बचाने के लिए भी योजना तैयार की थी। इस योजना के क्रियान्वयन पर इंदौर नगर निगम के द्वारा आपत्ति ली गई थी। निगम का कहना था कि चाहे फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा किया गया हो लेकिन इस जमीन के मालिक हम हैं। ऐसे में इस ब्रिज के नीचे क्या गतिविधि संचालित की जानी है और किस तरह से की जानी है यह फैसला भी हमारे द्वारा ही लिया जाएगा। निगम ने यह कहते हुए प्राधिकरण को इस पूरे काम से बाहर कर दिया था।

प्राधिकरण के द्वारा जिस तरह पिपलियाहाना के फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे निजी क्षेत्र की सहभागिता से खेल गतिविधि का संचालन शुरू करवाया गया है, वह सक्सेस मॉडल रहा है। इससे उस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुविधा मिली है। इसके साथ ही ब्रिज के नीचे के क्षेत्र पर कब्जे जैसी समस्या पैदा नहीं हो रही है।

बाद में नगर निगम के द्वारा भी प्राधिकरण के इसी मॉडल को अपनाकर इन दोनों पुलों के नीचे निजी क्षेत्र की सहभागिता से खेल गतिविधि शुरू करने की पहल की गई। निगम की यह पहल इस तरह का काम करने वाले लोगों को पसंद नहीं आई है। निगम के द्वारा अब तक भंवरकुआं चौराहा पर इस गतिविधि के संचालन के लिए तीन बार टेंडर जारी किए जा चुके हैं। केसरबाग रोड के लिए दो बार टेंडर जारी किए जा चुके हैं। इनमें से एक भी बार एक भी व्यक्ति अथवा फर्म के द्वारा इस काम को करने में रुचि नहीं ली गई है। ऐसे में अब यह फैसला नगर निगम के गले की हड्डी बन गया है। क्षेत्र के लोगों को सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही यह स्थान अवैध रूप से पार्किंग के स्थान के रूप में परिवर्तित होता जा रहा है।

सब्जी मंडी की शिफ्टिंग भी उलझ गई

नगर निगम के द्वारा यह कोशिश की गई थी कि द्वारकापुरी में लगने वाली सब्जी मंडी को केसर बाग रोड के पुल के नीचे के स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाए। इस मामले में महापौर और क्षेत्र की विधायक के बीच में समन्वय नहीं होने के कारण मामला उलझ गया है। विधायक मालिनी गौड़ का कहना है कि पुल के नीचे का स्थान सब्जी मंडी के लिए उचित नहीं है। इस स्थान पर सब्जी विक्रय का कारोबार करने वाले लोगों में से भी आधे लोग पुल के नीचे दुकान लगाने के लिए तैयार हैं तो आधे लोगों का कहना है कि हमें दूसरा अच्छा स्थान दिया जाना चाहिए। वैसे नगर निगम के द्वारा राजकुमार मिल रेलवे ओवरब्रिज और भंडारी मिल रेलवे ओवरब्रिज के नीचे के स्थान पर सब्जी मंडी की शिफ्टिंग करने का सफल प्रयोग किया गया है। वहां तो उस समय के अधिकारियों की रुचि और ताकत से काम हो गया था लेकिन यहां पर यह काम भी अटक गया है।

तालाब के विकास कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही पर मिलेगा नोटिस



पेयजल व्यवस्था, विकास कार्य के अलावा कुएं-बावड़ियों का होगा सर्वे, समीक्षा बैठक में जल कार्य प्रभारी ने दिए निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने पेयजल व्यवस्था एवं विकास कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक महापौर सभाकक्ष में आयोजित की। इसी बैठक में तालाबों के विकास कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही एवं धीमी गति पर संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए और यह भी निर्देशित किया गया कि प्राचीन कुएं-बावड़ियों का सर्वे कर पेयजल उपलब्धता की संभावनाएं तलाशी जाएं। सीएसआर के माध्यम से शहर के छोटे एवं नवीन तालाबों के विकास कार्य होंगे। अधिकारी आशीष, अश्विन जनवदे भी मौजूद थे। बिलावली, सिरपुर एवं लिम्बोदी तालाब, भौरासला तालाब में किए गए गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। तालाबों और विकास कार्य के साथ निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि कार्य की गुणवत्ता एवं गति में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर संबंधित एजेंसी को टर्मिनेट करने की कार्रवाई की जाए। कुएं-बावड़ियों के पानी का लैब टेस्ट कराकर उसकी गुणवत्ता की जांच की जाए तथा यह संभावनाएं तलाशी जाएं कि इन पारंपरिक जलस्रोतों के माध्यम से किस प्रकार आम नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सकता है।

चार मीट दुकानों को किया सील

1 लाख से अधिक का मीट अपशिष्ट शुल्क वसूला, साथ ही खराब सफाई व्यवस्था पर 15 हजार से अधिक की चालानी कार्रवाई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मीट दुकानों पर भी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के क्रम में निगम मीट अपशिष्ट प्रबंधन की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। निगम मिट अपशिष्ट प्रबंधन टीम के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थानों पर मीट, मछली दुकानों में सफाई व्यवस्था के क्रम में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएँ ठीक नहीं मिलने पर चार दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही विभाग द्वारा मीट प्रभारी के निर्देशन में शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित मीट दुकानों पर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर 15 हजार से अधिक की चालानी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही विभाग द्वारा मीट दुकानों के निरीक्षण के दौरान बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क होने पर 1 लाख से अधिक की वसूली की गई।



व्यापारियों की शिकायत के बाद भी स्ट्रीट लाइट नहीं हुई चालू

मामला शहर के मध्य बजाजखाना का

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर निगम का विद्युत विभाग आगे होकर संज्ञान भी नहीं लेता है। कई बार पार्षद की शिकायत पर भी अनदेखी विद्युत विभाग द्वारा इसलिए की जाती है कि कहा जाता है कि उनके पास लाइट नहीं है। विधानसभा 4 वार्ड 69 के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों को मिलाने वाले बजाजखाना चौक में भी चौतरफा व्यापारियों की दुकानें है और इस बजाजखाना में रात को चौपाटी भी लगती है और सराफा जाने वाले लोग वाहन पार्किंग भी बजाजखाना में



करते हैं। यह क्षेत्र रात 1 बजे तक आबाद रहता है और यहां के व्यापारियों का कहना है कि 6 माह से हाई मास्ट वाली स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है, जिसे चालू कराने की कोशिश दीपावली के पहले भी व्यापारियों ने खूब की थी, कई बार नगर निगम के विद्युत विभाग को शिकायत दर्ज कराई, लेकिन संज्ञान नहीं लिया गया। यहां बजाजखाना में पार्किंग स्थल भी है, सुलभ शोचालय भी है और मरण से लेकर परण तक के सामान की दुकान भी यहां है।

जोनल सहित तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नायता मुंडला तालाब में गंदगी एवं सफाई व्यवस्था में लापरवाही दो दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के आयुक्त ने दिए निर्देश

आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शहर के जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर दिए गए निर्देशों के क्रम में नायता मुंडला स्थित तालाब एवं उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने तथा गंदगी मिलने पर आयुक्त द्वारा जोनल अधिकारी तन्मय सिंह चौहान, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनय मिश्रा एवं मीट प्रभारी राजेश पथरोड को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। तालाब में आसपास के क्षेत्रों का गंदा पानी मिलने, कचरा फेंके जाने तथा मांस विक्रय करने वाले दुकानदारों द्वारा मांस अपशिष्ट फेंके जाने की जानकारी मिली थी। इसके साथ ही तालाब में मछली पालन एवं मछलियों द्वारा दूषित जल और अपशिष्ट के सेवन से मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका भी व्यक्त की गई थी।

न्यायनगर उद्यान में धार्मिक आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। न्यायनगर उद्यान स्थित महादेव मंदिर परिसर में कल आंवला नवमी के उपलक्ष्य में आंवला वृक्ष का सामूहिक पूजन कर भगवान श्री हरि विष्णु और माता लक्ष्मी का भी पूजन किया गया। भगवान शिव की भी आराधना की गई। कविता पचौरी, पायल मलुकानी, राशिमी आशापुरे, भावना मलुकानी,आभा मिश्रा सहित अन्य मातृशक्तियों ने धार्मिक आयोजन में शिरकत की।



संत बालीनाथ इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड को 10 फीट ऊंचा किया जाए, वाहनों में दब जाता है बोर्ड





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बैरवा समाज से जुड़े नीलमकुमार डोहरिया, अनिकेत कारोले, सत्यनारायण मिमरोट, कांतिलाल लोदवाल, शीला करोले, विकास वाडिया, रोशन बैंडवाल, दशरथ अकोदिया कीर्ति, राहुल लोदवाल ने निगम महापौर पुष्पमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया को पत्र लिखकर गुहार लगाई कि मालवा मिल चौराहा पर संत बालीनाथ महाराज के नाम का इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगा है, यह बोर्डा ज्यादा ऊंचा नहीं है और जब वाहन निकलते हैं तो बोर्ड दब जाता है इसलिए इस बोर्ड को 10 फीट ऊंचा करके सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से नए और बड़े आकार में लगाया जाए। वहीं अभी जो बोर्ड लगा है उसमें बालीनाथ नाम में 'थ' गायब है। वह भी सही कराया जाए।

आग से बचाव की व्यवस्था न होने पर लाइब्रेरी पर गाज गिरी

गर्ल्स हॉस्टल के क्षेत्र को भी निगम ने कर दिया सील

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा कल एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए आग से बचाव के उपकरण की व्यवस्था न होने पर लाइब्रेरी पर गाज गिरा दी गई है। इसके साथ ही गर्ल्स हॉस्टल के क्षेत्र को भी सील कर दिया गया है। पिछले दिनों एक हॉस्टल में आग लगने की घटना होने के बाद एक बार फिर नगर निगम की टीम जाग गई है। इस टीम के द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्र में जाकर बड़ी इमारतों, हॉस्टल, लाइब्रेरी आदि में इस बात की जांच की जा रही है कि वहां पर आग से बचाव के उपकरण हैं या नहीं। यदि हैं तो वे उपकरण चालू हालत में है या नहीं।

यह जांच करते हुए नगर निगम की टीम के द्वारा जोन क्रमांक 13 में आने वाले क्षेत्र में कार्रवाई की गई है। यहां जोग प्रकाश लाइब्रेरी, अशोक नगर अग्नि सुरक्षा की आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने पर भवन को सील किया गया। ज्ञान मित्रा लाइब्रेरी, सम्राट अशोक नगर में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाए जाने पर भवन को सील किया गया। आर.एस. गर्ल्स हॉस्टल, आनंद नगर में अग्नि सुरक्षा प्रावधानों के अभाव में हॉस्टल के किचन को सील किया गया। आर.एस. गर्ल्स हॉस्टल, आनंद नगर में भवन के ग्राउंड फ्लोर स्थित गोडाउन में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने पर उसे सील किया गया।

अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन करें

नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सभी भवन संचालकों एवं संस्थानों के लिए अग्नि सुरक्षा के निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य है। नागरिकों की सुरक्षा एवं संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत निगम द्वारा निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित भवन संचालकों को निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



मठ के अन्नकूट में संतों के भी दर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बिजासन रोड स्थित हंसदास मठ पर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में भगवान रणछोड़जी, टीकमजी एवं पंचमुखी चिंताहरण हनुमानजी की साक्षी में सभी देवालयों का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग समर्पित किए गए। महाआरती भी की गई। विद्युत और पुष्प श्रृंगार भी किए गए थे। बाहर से भी संत आए थे जिनके श्रद्धालुओं ने दर्शन भी किए। अन्नकूट में मठ पर सबसे बड़े 100 वर्ष पुराने प्राचीन कढ़ाव में रामभाजी बनाकर भक्तों को परोसी गई।

लक्ष्मी वेंकटेश मंदिर में भक्तों ने ली जयकारों के साथ प्रसादी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लक्ष्मी वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग में कल भगवान वेंकटेश का फूलों से विशेष श्रृंगार अन्नकूट महोत्सव के दौरान किया गया था। कल शाम आरती के बाद अन्नकूट प्रसादी शुरू हुई, जो देर रात तक चलती रही। स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में भगवान वेंकटेश महालक्ष्मीजी रामानुज स्वामी को अन्नकूट छप्पन भोग लगाए और श्रद्धालुओं ने भी प्रसादी ग्रहण की। भगवान का राजाधिराज स्वरूप में श्रृंगार रत्न आभूषण के साथ किया गया था। कल शाम 6 बजे घंटे घड़ियाल बजाए गए, शहनाई वादन के साथ भगवान के पट खोले गए थे, गोविंदा के जयकारे भी लगे, स्त्रोत पाठ, वैदिक मंत्रोच्चार भी किए गए। पंकज तोतला, अशोक डागा, कैलाश मूंगड़, भरत तोतला, रमेश चितलांग्या ने उक्त जानकारी दी।

भगवान श्री हरि विष्णु और लक्ष्मी माता का पूजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विद्याधाम मंदिर बिजासन रोड पर कल आंवला नवमी पर आंवला वृक्ष का पूजन किया। भगवान श्री हरि विष्णु और माता लक्ष्मी के साथ भगवान शंकर का भी पूजन किया गया। कल संध्या को संतों के सन्निध्य में मां भगवती पराम्बा एवं अन्य सभी देवालयों में 56 भोग समर्पित कर महाआरती की गई। महिलाओं ने कल धार्मिक भक्ति पूजा-आराधना में दिखाई। महाआरती में स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद वेदांग विद्यापीठ के 250 बटुकों ने संस्कृत श्लोक के साथ शिरकत की।

विजय मारुति हनुमानजी को लगेंगे छप्पन भोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर नवरत्न बाग में हनुमानजी को मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में 22 नवम्बर को श्रृंगारित कर छप्पन भोग लगाए जाएंगे, महाआरती के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।

बालाजी महाराज एवं माताजी का श्रृंगार अन्नकूट महोत्सव और दीपावली मिलन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर के मध्य इतवारिया बाजार में बालाजी महाराज एवं माताजी का श्रृंगार किया गया। छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। अन्नकूट महोत्सव में प्रसादी का आयोजन भी किया गया। अनिल नीमा, नकुल पाटोदी, राजेश गर्ग, शिव जिंदल, विनोद गोयल, राजकुमार बंसल, कमल सोमानी, पुरुषोत्तम पसारी सहित अन्य मौजूद थे।

ग्रैंड लक्ष्मी सेलिब्रेशन में मौजूद रही अग्र मातृशक्तियां



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज ने दीपावली मिलन एवं ग्रैंड लक्ष्मी सेलिब्रेशन कार्यक्रम मातृशक्तियों के लिए किया। सखियों ने तम्बोला सहित अन्य आयोजन में शिरकत की और जमकर लुत्फ लिया। ग़ीतों पर तम्बोला खिलाया गया जिस पर सखियों ने नृत्य भी किया।



अलीजा बाबा के अन्नकूट का प्रसाद लिया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वीर अलीजा सरकार धाम में आयोजित अन्नकूट महोत्सव महाआरती के बाद प्रसादी के रूप में शुरू हुआ। देर रात तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के प्रसाद की प्रसादी ली। वीर अलीजा बाबा के दर्शन भी किए। कल हनुमानजी का 1 किलो केसर से विशेष श्रृंगार किया गया था। 16 नवम्बर को गोअन्नकूट और 17 नवम्बर को हनुमानजी का अभिषेक किया गया और अन्नकूट की तैयारी भी शुरू हुई थी और कल अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया जिसका धार्मिक लाभ हजारों श्रद्धालुओं ने लिया।



रात 2 बजे तक वितरित हुई रणजीत पर प्रसादी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर कल अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। शाम 6.30 बजे से चलित प्रसादी वितरण शुरू हुई, जो रात करीब 2 बजे तक चलती रही। खास बात यह है कि बड़ी तादाद में महिला श्रद्धालु भी रात तक कतारबद्ध होकर प्रसाद लेते नजर आई। 6 कतारों में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने घर ले जाकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि अंतिम भक्त के आने तक प्रसाद वितरण किया गया। बाबा रणजीत का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग अर्पण किए गए।



अन्नकूट छप्पन भोग दर्शन में ब्राह्मण समाज एकता का संदेश

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सरयूपारीख ब्राह्मण समाज का अन्नकूट महोत्सव व छप्पन भोग दर्शन कार्यक्रम हंसदास मठ पर आयोजित किया गया। इस मौके पर समाज की एकता का संकल्प लिया गया। आगामी फरवरी माह में समाज के युवक युवतियों का सामूहिक विवाह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयोजन में सुनील मिश्रा, सुभाष दुबे, राजा तिवारी, दीपू मिश्रा, रेखा त्रिपाठी, रजनी पांडे, जागृति दुबे आदि ने विचार रखें। संचालन विशाल तिवारी ने किया।

जैन संत और संघ की अगवानी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। 108 मुनिश्री मुनिसागर म.सा. एवं ससंघ ने हाटपीपल्या से विहार करते हुए सम्पतहिल इन्दौर में प्रवेश किया। संत की अगवानी की गई, संत के दर्शन कर आशीर्वाद भी जैन समाजजनों ने लिए। पाद प्रच्छालन भी किया गया। एमके जैन, पुलकित काला, पवन कासलीवाल, अर्चना अनुभव जैन, मंजू कासलीवाल, पियूष कासलीवाल, स्वतंत्र जैन, देवेन्द्र सिंघई, आलोक जैन, कुसुम जैन, अमित शालू जैन, राजश्री जैन, सुरेश जैन, अंकित जैन, श्रेणिक जैन, अनाया जैन, अमित जैन, शान्तनु जैन मौजूद थे। आज भी संत की आहार चर्या दिगम्बर जैन मंदिर संपतहिल में की गई। अब अगला पड़ाव जैन मंदिर सुखशान्ति नगर एवं पंचबालयती मंदिर विजयनगर में संत और संघ का होगा।

भक्तामर यंत्र आराधना दो दिनों तक होगी

किसी की नजर ना लग जाए इसलिए करे यंत्र आराधना रक्षा मंजूषा घर ले जाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ राऊ-पीथमपुर रोड पर भक्तामर यंत्र आराधना और मंत्रो से मंत्रित रक्षा मंजूषा का वितरण आयोजन 28 और 29 नवम्बर को सुबह 7.30 बजे से किया जाएगा। विधान में बैठने के लिए पंजीयन किए जा रहे हैं। इस आयोजन में अर्न्तमुखी मुनि पूज्य सागर म.सा. का सानिध्य भी मिलेगा।इस भक्तामर यंत्र आराधना और रक्षा मंजूषा के पीछे कारण यह बताया गया कि आपको और आपेक व्यापार को किसी की बुरी नजर लग जाए और कौन-सा बुरा असर आप पर हावी हो जाए इसका पता नहीं रहता है। इसके लिए भक्तामर यंत्र आराधना में बैठे और मंत्रो से मंत्रित रक्षा मंजूषा अपने घरे ले जाए, जिससे नजर से बचा जा सकता है। इस आयोजन से वर्षायोग धर्म प्रभावना समिति, आरोहण परिवार, इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ कॉलेज, आइकॉन एज्युकेश फाउंडेशन, श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर परिवहन नगर जुड़े हैं। आयोजन के आधार स्तंभ नरेन्द्र शकुंतला वेद, भरत ऋतु जैन, अक्षय कांति बम्ब, संदीप सुनीता जैन, अमित शीखा कासलीवाल, तल्लीन निशा बड़जात्या, रेखा संजय जैन, टीके मंदू वेद, टीना कमलेश जैन, हंसमुख उर्मिला गांधी, नवनीत श्रेष्ठी जैन, जितेन्द्र मोनिका जैन, नमीष ऋतु जैन, हर्ष तृप्ति जैन, नवीन शिवानी गोधा हैं।

वैश्य महिलाएं तुलसी विवाह के पहले निकालेंगी बाना

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश वैश्य महिला महासंगठन द्वारा कल 20 नवम्बर देवउठनी ग्यारस पर तुलसी विवाह, तुलसी पूजन का आयोजन किया जाएगा। विवाह और पूजन के पहले बाना निकाला जाएगा जिसका जगह-जगह स्वागत होगा। कल शाम 4.30बजे से समृद्धि पार्क कॉलोनी के शिव मंदिर में आयोजन होगा। दीपिका गोयल, डॉ. तरु गुप्ता ने बताया कि बडी संख्या में मातृशक्तियां इस सामूहिक विवाह में शिरकत करेंगी। तुलसी विवाह का आयोजन पंडित द्वारा विधि-विधान और मंत्रोच्चार के माध्यम से कराया जाएगा। मातृशक्तियों को लाल साडी में सौलह श्रृंगार के साथ आने का निमंत्रण दिया गया है। उषा बंसल, किरण मुरारका, अंजू अग्रवाल, हंसा अग्रवाल, मुक्ति अग्रवाल, सुनीता कंदोई भी अपनी भूमिका निभाएंगी। कई राजनेताओं की धर्मपत्नी को भी निमंत्रण दिया गया है।

अग्रवाल पंचायत ने किया मिलन और अन्नकूट



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री मालवा मिल अग्रवाल पंचायत द्वारा परंपरागत अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन पंचायत भवन पर भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग एवं महाआरती के साथ किया गया। महाराजा अग्रसेन, भगवान श्रीनाथजी एवं लड्डू गोपाल की झांकी सजाई गई। गणेश गोयल, पीडी अग्रवाल कांट्रेक्टर, अजय गोयल, गोविन्द गोयल, अशोक अग्रवाल, महेश मित्तल, रामचरण अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण मंगल, कैलाश मित्तल, गोपालदास अग्रवाल, निकेत मंगल, गोविन्द मित्तल, सुभाष अग्रवाल, नरेश मित्तल, कल्याण अग्रवाल, महेश मंगल, मनोहर अग्रवाल, सतीश मंगल, अरविन्द गोयल, सुरेश मित्तल, महेश अग्रवाल, मोनिका पोतदार, रेखा गोयल, विजित अग्रवाल, निमिश मंगल, सुशील अग्रवाल, कल्याण अग्रवाल मौजूद थे।

अग्रसेन महासभा ने मिलन में खिलाया तम्बोला

अन्नकूट महोत्सव में छप्पन भोग भी लगाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बायपास स्थित गार्डन पर अग्रसेन महासभा ने संस्था के सदस्यों और परिवार के लिए दीपावली मिलन अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। महाराजा अग्रसेन एवं भगवान श्रीनाथ, कुलदेवी महालक्ष्मी को 56 भोग समर्पित किए, आरती भी की गई। तम्बोला खिलाया गया। चांदी-सोने के सिक्के, एलईडी टीवी और एक्टिवा जैसे



पुरस्कार दिए गए। राजेश जिंदल, अनूप सिंघल, राजेश बंसल, राजेश मित्तल चौधरी, प्रमोद बिंदल, अशोक तेलवाले, विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, राजेश गर्ग केटी, विनोद सिंघानिया, अशोक ऐरन, उषा-राजेश बंसल, आशा-प्रमोद बिंदल सहित अन्य अग्रवाल समाजजन मौजूद थे।



रेसीडेंसी क्लब में दीपावली मिलन और तम्बोला

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रेसीडेंसी क्लब में दीपावली मिलन समारोह और तम्बोला का आयोजन 500 से अधिक सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। विजेताओं का सम्मान किया। संजय नागपाल, अशोक मल्होत्रा ने अपनी भूमिका निभाई।



पंचदेव मंदिर में मातृशक्तियों की आस्था

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पंचदेव मंदिर एमआइजी में कल आंवला नवमी पर मातृशक्तियों ने आवला वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी का पूजन पं. रमा दीदी के मार्गदर्शन में किया। आंवला वृक्ष पर सूत और माला बांधी गई, परिक्रमा कर जाप भी किया गया।

कालजयी साहित्यकार पुण्यस्मरण व पोस्टर विमोचन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति में 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित प्रयोगवाद के प्रवर्तक कवि सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' का पुण्य स्मरण व पोस्टर विमोचन आयोजन किया गया। डॉ. पदमासिंह, उमेश पारेख, रवि खण्डेलवाल, डॉ. महेश गुप्ता, शीला चंदन, तृप्ति शाह, आसरे पांडे, संतोष त्रिपाठी, दिलीप नीमा, कमल कासलीवाल, अरविन्द जवलेकर, घनश्याम यादव,अरविंद ओझा, हरेराम बाजपेयी,नितेंद्र मानव,नयन राठी मीना भण्डारी, दिनेश जैन, तिकोटकर सहित अन्य साहित्यकार और रचनाकार मौजूद थे।

संगीत कार्यक्रम में आए 500 लोगों का तिलक लगाकर सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कैट रोड स्थित फार्म हाऊस पर गीत-संगीत का आयोजन किया गया। आयोजन में आए करीब 500 संगीत प्रेमियों को तिलक लगाकर फूल सुरेश खथूरिया ने दिया। हर्षा खथूरिया, सुरेश खथूरिया,



हिमांशु वेद, अमन पांडे, डॉ. रघुवंशी हितेंद्र चौहान, सुरेश अहिरवार, रमेश कुशवाहा, विनेश खरे, लोकेन्द्र राठौर, विजय राठौड़, महेंद्र जैन, दुर्गा बैरागी, पुष्पलता ठाकुर सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

योग मेला एवं सम्मान समारोह

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आस्था योग क्रांति अभियान परिवार के तत्वावधान में योग मेला 22 से 28 नवंबर तक अग्रसेनधाम फूटी कोठी पर सुबह 6.15 से 7.30 तक आयोजित होगा। योग सिखाया जाएगा, योग की बारीकियां सिखाई जाएगी, उदबोधन भी होंगे। 6 दिसंबर को आस्था योग चिकित्सा केंद्र केट रोड पर शाम 5 बजे योगार्थियों एवं बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन से डॉ. आर.के. जैन, डॉ. जितेंद्र खिलावदिया, शंकर लड्ढ़ा, डॉ. जगदीश जोशी, ब्रजेश गुप्ता, रत्नेश पुरी, रमेश मौर्य, योगेश पुरोहित, अनिल अग्रवाल जुडे हुए है।



शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का दीपावली मिलन, भजनों पर हुआ नृत्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का दीपावली मिलन और भजनों का आयोजन दशहरा मैदान पर किया गया। अतिथि शिक्षा अधिकारी अनिता चौहान, शौर्य मल्होत्रा थे। हरीश बोयत, पवन शर्मा, कमलेश सिंह, संदीप धौलपुरे, बैजू परदेशी, मनोज मेहना, राजेश गौड़, प्रवीण यादव, अशोक मालवीय, आरके शर्मा, रितेश बनोंदिया, संदीप कुशवाह, दिनेश परमार, अखिलेश विश्वकर्मा, रणजीत दातोदिया, दिनेश पटेल, इंदर पांडव, रवि पटेल, मणिमाला शर्मा, सुषमा जैन, निशा जायसवाल, डॉ. रजनी पांडे, नमिता दुबे, उषा कौरराने, ऐश्वर्या गर्ग, करुणा कुरेरिया, संगीता पटेल, संजय अटवाल, पवन मोहनिया सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

राजेश जैन कार्यकारिणी में

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट की प्रदेश कार्यकारिणी में दिगम्बर



जैन समाज से जुड़े प्रचारक राजेश जैन दद्दू को कार्यकारिणी में नियुक्त किया गया। कई जैन समाजजनों और समाज के जर्नलिस्ट ने बधाई दी है।

पाँच मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर के उद्योगपति डॉ. कैलाश धानुका द्वारा शासकीय माधव



महाविद्यालय उज्जैन में वहां के 5 विद्यार्थियों को मेधावी छात्र के रूप में 25-25 हज़ार नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रो. शिवशंकर मिश्र, रमेश दीक्षित, डॉ. कल्पना वीरेन्द्र सिंह, डॉ. राजश्री सेठ, डॉ. रीना अर्धव्यू, डॉ. रफ़ीक नागौरी, प्रो. एल.एस. गोरसिया, प्रो. दीपक ठाकर, डॉ. मंसूर खान, नवीन कोरट, प्रो. रायसिंह सोलंकी, प्रो. सलोनी पंवार, प्रो. शुभ कामना रक्ताले, डॉ. मृदुल चन्द्र शुक्ल, डॉ. आयशा सिद्दीकी, लाखन सिंह कुशवाह, डॉ. रफीक नागौरी मौजूद रहे। पुरस्कृत छात्राओं में स्तुति चोपड़ा, स्तुति चोपड़ा, करण बारिया, निधि भारती, चेतन योगी, सान्निध्य भट्ट प्रमुख है।



माता का मंगल पाठ किया

इन्दौर। श्री जीण माता मासिक मंगलपाठ उत्सव समिति द्वारा श्री जीण माता मंदिर पाटनीपुरा पर गोपाष्टमी पर्व पर दीपोत्सव मंगल पाठ व आतिशबाजी का आयोजन किया। महाआरती भी की गई। उक्त जानकारी डॉ.नितिकेश मित्तल ने दी।

24 घंटे पानी का सपना अधूरा

अब संकट में काम आएगा स्मार्ट सिटी का 6 एमएलडी टैंक

एक दिन की पानी सप्लाई स्टोर करने की क्षमता, 24 घंटे जलप्रदाय के लिए बिछाई गई 76.4 किमी पाइपलाइन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्मार्ट सिटी योजना के तहत राजवाड़ा और आसपास के एबीडी एरिया में 24 घंटे जलप्रदाय का सपना अब तक पूरी तरह साकार नहीं हो पाया है। इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च कर पाइपलाइन, स्टोरेज टैंक और आधुनिक सिस्टम तैयार किए गए थे, लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों में भी क्षेत्र को 24 घंटे पानी देने की स्थिति नहीं बन पाई। अब शहर में संभावित जलसंकट को देखते हुए जिंसी हाट मैदान के पास बनाया गया 6 एमएलडी क्षमता का टैंक आपातकालीन जलप्रदाय के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

एक दिन का पानी स्टोर करने की क्षमता- स्मार्ट सिटी कंपनी ने जिंसी हाट मैदान के पास यह स्टोरेज टैंक बनाया था। इसमें 60 लाख लीटर पानी संग्रहित किया जा सकता है। यानी एबीडी क्षेत्र की एक दिन की जलप्रदाय

जिंसी हाट मैदान के पास बना स्टोरेज टैंक बनेगा **इमरजेंसी बैकअप**

व्यवस्था का बैकअप इसमें रखा जा सकता है। स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन के मुताबिक, इस टैंक में पर्याप्त पानी उपलब्ध होने पर उसे स्टोर किया जा सकता है। फिलहाल इसका उपयोग नियमित 24 घंटे सप्लाई के बजाय आपातकाल या जलसंकट के दौरान किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर निगम इसका उपयोग कर सकेगा।

76.4 किमी पाइपलाइन, 98.59 करोड़ का प्रोजेक्ट- स्मार्ट सिटी के एबीडी मास्टर प्लान में पेयजल व्यवस्था के लिए 76.4 किलोमीटर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का प्रावधान किया गया था। इसमें 3 एमएलडी का एलिवेटेड रिजर्वायर, 6 एमएलडी का ग्राउंड स्टोरेज रिजर्वायर, स्काडा सिस्टम, सेंसर, फ्लो मीटर और 24 हजार स्मार्ट मीटर शामिल थे। इस पूरे पेयजल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 98.59 करोड़ रुपए दर्ज है। यह राशि केवल पाइपलाइन की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की है।

24 घंटे सप्लाई की जगह सामान्य व्यवस्था- योजना के तहत पूरे एबीडी क्षेत्र में आधुनिक मीटरिंग और दबाव के साथ लगातार पानी पहुंचाने की योजना थी। इसके लिए पुरानी पाइपलाइनों को बदलकर नया नेटवर्क तैयार किया गया। लेकिन योजना का 24 घंटे जलप्रदाय वाला लक्ष्य अब तक पूरा नहीं हो सका। ऐसे में करोड़ों की लागत से तैयार संसाधनों का उपयोग अब गर्मी में संभावित जलसंकट से निपटने के लिए करने की तैयारी है।

DAVV इंक्यूबेशन सेंटर 6 माह आगे बढ़ा

अगले साल अप्रैल में काम होगा

हैदराबाद की तर्ज पर बनना था, बजट से लेकर प्लानिंग में ही पिछड़े

इंदौर। देश के सबसे बेहतरीन इंक्यूबेशन सेंटर में शामिल हैदराबाद के टी-हब की तर्ज पर इंदौर में बनने वाले इन्क्यूबेशन सेंटर का प्रोजेक्ट 6 माह आगे बढ़ गया है। खंडवा रोड स्थित आईटी पार्क के पीछे देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की करीब छह एकड़ जमीन पर यह सेंटर विकसित होना था। तय हुआ था कि इसे यूनिवर्सिटी और आईडीसी(इंडस्ट्रियल डेवलमेंट कॉर्पोरेशन) मिलकर बनाएंगे और चलाएंगे। दावा है कि यहां न केवल स्टूडेंट्स व पास आउट छात्रों के स्टार्टअप आयडिया को मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। बल्कि एआई, डेटा साइंस सहित स्किल ओरिएंटेड कई डिप्लोमा कोर्स भी चलाए जाएंगे। यह कोर्स एक साल के होंगे। छह माह के सर्टिफिकेट कोर्स भी चलेंगे। डीएवीवी ने कहा था कि आईडीसी के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है हालांकि कागजों पर अभी समय लगेगा।

हैदराबाद जा चुके अफसर

कुलपति प्रो. राकेश सिंघई आईडीसी अफसरों के साथ हैदराबाद पहुंचकर टी-हब(इंक्यूबेशन सेंटर) की विस्तृत जानकारी लेकर आ चुके हैं। अब अगले चरण में प्रस्ताव शासन को मंजूरी के लिए भेजा जा रहा है। इसी में 6 माह अतिरिक्त लगेंगे।डीएवीवी का कहना था कि यह सेंटर सुविधाओं के लिहाज से हाईटेक होगा। यहां इंडस्ट्री के लिए पूरा फ्लोर रहेगा।

इस प्रोजेक्ट को लेकर दावा है कि यूनिवर्सिटी पूरी प्लानिंग आईडीसी के एक्सपर्ट व अपने सीनियर प्रोफेसरों के साथ मिलकर कर रही है। पूरा फोकस वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर व अत्याधुनिक नवाचार पर रहेगा। यहां न केवल स्टार्टअप्स को काम करने की जगह मिलेगी, बल्कि स्टार्टअप इकोसिस्टम को दिशा देने पर काम होगा। इसकी खासियत यह होगी कि यहां पांच से छह मंजिला बिल्डिंग बनेगी। इसकी क्षमता 200 से ज्यादा स्टार्टअप्स को एक साथ संभालने की रहेगी।यहां फ्री वेंचर कैपिटलिस्ट जोन भी रहेगा। यही नहीं सेंटर में वेंचर कैपिटलिस्ट्स यानी निवेशकों के लिए भी एक पूरी मंजिल रहेगी। इसका मुख्य उद्देश्य यह है होगा कि स्टार्टअप्स को फंडिंग के लिए कहीं बाहर न जाना पड़े। आईडीसी के जरिये यहां स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग जगत के विशेषज्ञों से सीधी सलाह मिल सकेगी। साथ ही बड़े कॉरपोरेट्स और वैश्विक बाजारों से जुड़ाव के लिए अलग टीम काम करेगी। यही नहीं फंडिंग पर सबसे ज्यादा फोकस होगा। निवेशकों और सीड फंड्स तक पहुंच आसान बनाने के लिए स्किल्ड प्रोफेशनल्स और इंटर्न्स का नेटवर्क तैयार किया जाएगा।

और क्या होगा

स्किल ओरिएंटेड डिप्लोमा कोर्स शुरू होंगे। इसके लिए एक पूरा फ्लोर रहेगा। यहां एक्सपर्ट पढ़ाएंगे। आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। जानकारी के अनुसार यहां स्टार्टअप के लिहाज से टॉप डिमांड वाले डिप्लोमा इन एआई एंड मशीन लर्निंग, डिप्लोमा इन फुल-स्टैक वेब डेवलपमेंट, डेटा साइंस- एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स मैनेजमेंट, कंटेंट क्रिएशन,डिप्लोमा इन डिजाइन एंड यूजर्स, प्रोडक्ट डिजाइन सहित डिप्लोमा इन एंटरप्रेन्योरशिप जैसे कोर्स चलाए जाएंगे।



स्कूल में सुरक्षा दीवार निर्माण होगी

इंदौर। विधानसभा एक के अंतर्गत बड़ा गणपति क्षेत्र में सुभाष स्कूल में मैदान की जगह पर आकर्षक पेवर ब्लॉक बिछाकर मैदान में धूल और कीचड़ की जगह अब सुंदरता नजर आएगी। साथ ही स्कूल भवन के चारों ओर सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य शुरू कर स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया जाएगा। साथ ही बाहरी लोगों का प्रवेश भी खत्म होगा। इसके अलावा शासकीय स्कूल शारदा कन्या विद्यालय, दूसरी पलटन शासकीय स्कूल में आवश्यक सिविल कार्य की भी शुरूआत होगी ताकि बच्चों को सुविधा मिलेगी। इधर बड़े हिस्से में सुरक्षा दीवार बनाने से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही बाहरी असमाजिक लोगों के प्रवेश पर लगाम लगेंगी।

नए पेवर ब्लॉक बिछाकर होगा सौंदर्यकरण

प्रबंधन की मांग पर होगा काम

गौरतलब है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सुरक्षा दीवार और अन्य सिविल कार्य शुरू करने की मांग लगातार की जा रही थी। इसके बाद अब जाकर मंजूरी मिलने के बाद निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि अगले माह टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होते ही जल्द सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। जिसका फायदा छात्र और छात्राओं को मिलेगा।

सैकड़ों परिवारों को अधूरी सड़क से परेशानी

इंदौर। देवगुराडिया बायपास रोड़ पर उनो बिजनेस पार्क मेनरोड से लेकर भीतर आधा दर्जन से ज्यादा पॉश कालोनियों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के अधूरे निर्माण से हजारों रहवासी परिवारों को परेशानी हो रही है। हालात यह है कि बिचौली गाँव, नोबल हॉस्पिटल, मां बगलामुखी माता मंदिर संघवी रेसीडेंसी, कालिंदी विला, नीलगिरी, कालिंदी प्राइड सहित अन्य कालोनियों से जुड़ी बायपास तक जुड़ने वाली मुख्य सड़क के लंबे समय से अधूरे निर्माण कार्य और एक साइड के हिस्से की सड़क बन पाने से क्षेत्र के नागरिक परेशान हो रहें है, लेकिन लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है।

दरअसल उनो बिजनेश पार्क के सामने की साइड से भीतर गाँव को जोड़ने वाले बड़े हिस्से की लगभग एक से डेढ़ किमी लंबे हिस्से में सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। जबकि दूसरे साइड के हिस्से में अभी तक काम ही शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण यहां से जुड़ी दर्जनों कालोनियों और आधा दर्जन प्रमुख गाँव से जुड़ी मुख्य सड़क से होकर बायपास आने वाले हजारों वाहन चालको को भी सड़क नहीं बनने से दिक्कत हो रही है।

कालोनियों में रहने वाले लोगों के घरों तक रोज़ाना कई स्कूलों की बसों का आना-जाना सुबह से लगा रहता है। इधर आधी - अधूरी सड़क निर्माण के कारण यहां दिनभर धूल उड़ती रहती है। जिसके कारण लोग परेशान हो रहें है। इधर रहवासियों का कहना कि अधूरे सड़क प्रोजेक्ट से जुड़ी परेशानी लोगों ने विधायक से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से कर दी। लेकिन बावजूद इसके फिलहाल सुनवाई नहीं होने से परेशानी और दिक्कत हो रही है। लेकिन जिम्मेदार है कि ध्यान नहीं दे रहे है।

जल्द मिलेगी नवीन आधुनिक हॉल निर्माण की सौगात

इंदौर। विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 47 से जुड़े शासकीय कॉलेज एसआईटीएस सरकारी कॉलेज में छात्र - छात्राओं की सुविधा के लिए अब नए आधुनिक सुविधाओं वाले नवीन भव्य हॉल निर्माण की सौगात मिलने वाली है। जिसका फायदा कॉलेज की छात्राओं को पढ़ाई के साथ कॉलेज में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी और पढ़ाई के लिए मिलेगा। ग़ौरतलब है कि वर्तमान में कॉलेज में पहले से हॉल की सुविधा होने के बावजूद कॉलेज प्रबंधन



द्वारा नवीन हॉल निर्माण की मांग इसलिए की क्योंकि पुराने हॉल की लम्बाई और चौड़ाई कार्यक्रमों के दौरान अधिक संख्या में छात्राओं के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से एक और अतिरिक्त हॉल निर्माण की मांग की जा रही थी। जो अब जाकर अगले माह निर्माण की सौगात के साथ जल्द पूरे होने के आसार है। बताया जा रहा है कि इसके लिए बकायदा निविदा सम्बंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

इसके अलावा छात्र कल्याण के अन्तर्गत छात्रों की सुविधा के लिए एक नवीन सामुदायिक भवन निर्माण की मांग भी पूरी करने की तैयारी है। क्षेत्रीय पार्षद ओर महापौर परिषद सदस्य नन्दू पहाड़िया का कहना है कि आधुनिक हॉल निर्माण के साथ छात्र कल्याण के अन्तर्गत छात्रों की सुविधा के लिए एक आधुनिक सामुदायिक भवन का निर्माण भी किया जाएगा। जिसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। जिसको लेकर कॉलेज प्रबंधन के साथ क्षेत्र के रहवासियों द्वारा भी लगातार मांग की जा रही थी। जिस पर विधायक हार्डिया और पार्षद पहाड़ियां के प्रयासों को अब सफलता मिलती नजर आ रही है।

संपादकीय

इंस्टाग्राम पर क्या दिखेगा और क्या छिपेगा, कंटेंट की निगरानी पर उठे सवाल

डिजिटल सुरक्षा आवश्यक है और इससे व्यापक हित सुनिश्चित होना चाहिए। लेकिन स्वस्थ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया मंचों की विश्वसनीयता इसी पर निर्भर करेगी। मेटा का कहना है कि उन्नत कृत्रिम मेधा की मदद से यौन संकेतों वाली और हिंसक सामग्री की दृश्यता कम की जा रही है। भारत में इंस्टाग्राम की सामग्री सिफारिश प्रणाली में बदलाव की मेटा की घोषणा केवल एक तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल युग की एक महत्त्वपूर्ण चुनौती की ओर संकेत करती है। आज सोशल मीडिया मंच महज संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सूचना, विचार और जनमत को प्रभावित करने वाली शक्तिशाली संस्थाएं बन चुके हैं। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर कौन तय करेगा कि उपयोगकर्ता क्या देखें और क्या नहीं। मेटा का कहना है कि उन्नत कृत्रिम मेधा की मदद से यौन संकेतों वाली और हिंसक सामग्री की दृश्यता कम की जा रही है। भारत जैसे देश में, जहां करोड़ों युवा और किशोर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, यह पहल स्वागतयोग्य है। लंबे समय से यह चिंता व्यक्त की जाती रही है कि एल्गोरिद्म अक्सर ऐसी सामग्री को बढ़ावा देते हैं जो सनसनी, उत्तेजना व विवाद के जरिए अधिक जुड़ाव पैदा करती है। इससे सामाजिक तनाव, गलत सूचना व मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी बढ़ते हैं। इस पहल का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। दरअसल, कई उपयोगकर्ताओं की शिकायत रही है कि संदर्भविहीन शिकायतों के आधार पर उनकी वैसी सामग्री भी तुरंत हटा दी जाती है, जिनका संदर्भ किसी जरूरी मसले पर असहमति जताने भर से होता है या वह किसी मामले का दूसरा पक्ष होता है। दूसरी ओर, कई बार विवादास्पद सामग्री लंबे समय तक मंच पर रहती है और प्रसार भी पाती है। यह विरोधाभास बताता है कि निगरानी की व्यवस्था त्रुटिरहित नहीं है। यहीं पारदर्शिता का प्रश्न सामने आता है। यदि किसी सामग्री को सीमित किया जाता है तो उसके मानक स्पष्ट होने चाहिए। साथ ही, उपयोगकर्ताओं को निष्पक्ष अपील और समीक्षा की प्रभावी व्यवस्था भी मिलनी चाहिए। केवल यह दावा करना पर्याप्त नहीं कि शिकायतें घटी हैं, कंपनियों को निर्णयों की प्रक्रिया और मापदंडों को भी सार्वजनिक करना चाहिए। डिजिटल सुरक्षा आवश्यक है और इससे व्यापक हित सुनिश्चित होना चाहिए। लेकिन स्वस्थ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया मंचों की विश्वसनीयता इसी पर निर्भर करेगी। आखिरकार, समस्या यह नहीं कि लोगों को क्या दिखाया जा रहा है, यह भी है कि क्या छिपाया जा रहा है और किस आधार पर।

लात-घूंसों और पत्थर से हमला, सिर फूटा

कैफे में सिगरेट के पैसे मांगने पर बवाल, स्टाफ पर हुई वारदात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित आर-2 कैफे पर सिगरेट के पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बिना रुपए दिए जा रहे युवक को कैफे स्टाफ ने रोका तो आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर स्टाफ पर लात-घूंसों और पत्थर से हमला कर दिया, जिससे स्टाफ के सिर से खून बहने लगा। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी व उसके साथियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

विजय नगर पुलिस के अनुसार, यह घटना आर-2 कैफे, विजय नगर पर हुई और इसकी शिकायत फरियादी राजकरण पिता धोराम श्रीवास, निवासीः शीतल नगर ने दर्ज करवाई है। फरियादी राजकरण ने बताया कि वे कैफे के काउंटर पर बैठे थे और उस समय वहां अन्य ग्राहक भी मौजूद थे। इसी दौरान एक युवक सिगरेट लेने आया, जिसे सिगरेट देने के बाद जब उन्होंने रुपए मांगे तो वह बिना भुगतान किए ही जाने लगा। राजकरण ने तुरंत कैफे के स्टाफ रोहित पाल को आवाज देकर बताया कि वह युवक बिना रुपए दिए जा रहा है। जब रोहित ने कैफे के बाहर जाकर उस युवक से पैसे मांगे, तो आरोपी दिव्यांश के अन्य साथी भी वहां पहुंच गए और रोहित पाल को गालियां देने लगे। जब राजकरण और रोहित ने गालियां देने से मना किया, तो दिव्यांश और उसके साथियों ने रोहित के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे फरियादी राजकरण को भी आरोपियों ने धमकाया और रोहित को बचाने के प्रयास के बीच वहां पड़े पत्थर से हमला कर दिया। पत्थर लगने से रोहित पाल के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। विजय नगर थाना पुलिस ने फरियादी राजकरण श्रीवास की शिकायत पर आरोपी दिव्यांश और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

पौने 4 लाख रु. की मशीन सप्लाय के नाम पर धोखाधड़ी

क्रिप्टो माइनिंग मशीन नहीं भेजने पर ग्वालियर के व्यापारी पर प्रकरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विजय नगर थाना क्षेत्र में क्रिप्टो माइनिंग की मशीन और उपकरण सप्लाई करने का झांसा देकर लाखों रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित को मशीन भेजने का झूठा आश्वासन देकर 3,78,930 रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर ग्वालियर स्थित न्यूटेक सॉल्यूशन कंपनी के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

विजय नगर पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई फरियादी आयुष पिता संजय बागा, निवासी स्कीम नंबर 74, विजय नगर की रिपोर्ट पर की गई है। फरियादी आयुष ने पुलिस को बताया कि वे और उनके साथी अविनाश मिलकर क्रिप्टो माइनिंग की मशीन खरीदकर व्यापार करना चाहते थे। इसी सिलसिले में उन्होंने ग्वालियर स्थित न्यूटेक सॉल्यूशन कंपनी के संचालक आरोपी नितेश अग्रवाल निवासी चावड़ी बाजार, जीवाजी चौक, ग्वालियर से संपर्क किया। आरोपी नितेश अग्रवाल ने उन्हें भरोसा दिलाया कि क्रिप्टो माइनिंग हेतु मशीन और उपकरण मुहैया कराना उसका रोजाना का काम है। आरोपी नितेश ने माइनिंग मशीन की कुल कीमत 4,80,000 रुपए बताई थी। उस पर विश्वास करते हुए पीड़ितों ने मशीन खरीदने के लिए आरोपी को कुल 3,78,930 रुपए का भुगतान कर दिया। रकम प्राप्त करने के बाद आरोपी लगातार मशीन भेजने का झूठा आश्वासन देता रहा। पीड़ित के अनुसार, आरोपी नितेश अग्रवाल की नीयत शुरू से ही अनैतिक रूप से पैसे ऐंठने की थी और उसकी मशीन सप्लाई करने की कोई मंशा नहीं थी। इस तरह आरोपी ने झूठे वादे करके उनके साथ छल और जालसाजी की वारदात को अंजाम दिया।

महिला के खाते से हजारों रुपये उड़ाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमजी रोड थाना क्षेत्र में साइबर जालसाजों ने एक महिला के बैंक खाते से बिना किसी ओटीपी या लिंक साझा किए 37 हजार रुपए उड़ा लिए। ठगी की यह राशि किसी अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर दी गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात गत 3 नवंबर को श्रीकुंज अपार्टमेंट निवासी फरियादी मनोज तांतेड़ की पत्नी प्रतिभा के साथ हुई। जब प्रतिभा ने 15 नवंबर को एक्सिस बैंक के मोबाइल ऐप पर अपना खाता चेक किया, तो 3 नवंबर को 37 हजार रुपए कटने की जानकारी सामने आई। बिना किसी लिंक या ओटीपी के खाते से रकम निकल जाने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

बिना ओटीपी या लिंक के हुई घटना, पुलिस कर रही है जांच

6 ईवी चार्जिंग केबल के कॉपर तार चोरी

एआईसीटीएल चार्जिंग स्टेशन पर हुई घटना का मामला थाना तक पहुंचा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित एआईसीटीएल ईवी चार्जिंग स्टेशन को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाते हुए कीमती कॉपर केबल पर हाथ साफ कर दिया। चार्जिंग स्टेशन से कुल 6 ईवी चार्जिंग केबल के कॉपर तार चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजय नगर पुलिस के अनुसार, यह मामला फरियादी भारत पिता ब्रजमोहन जोशी, निवासी साउथ कमाठीपुरा, नेताजी सुभाष मार्ग की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया है। फरियादी भारत ने पुलिस को बताया कि जब वे मौके पर पहुंचे और एआईसीटीएल चार्जिंग स्टेशन विजय नगर की जांच की, तो वहां लगे कुल 6 ईवी चार्जिंग केबल में कॉपर के तार गायब थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर चार्जिंग स्टेशन में लगे सभी 6 ईवी चार्जिंग केबल के कॉपर तारों को काटकर चोरी कर लिया।

बैंक खाता उपलब्ध कराने वाली युवती पर प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

साइबर अपराधियों को वित्तीय लेनदेन के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ इंदौर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में कनाड़िया थाना पुलिस ने एक युवती के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी और संदिग्ध खाते के दुरुपयोग का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साइबर ठगी मामले में देश भर से जुड़ीं कड़ियां

कनाड़िया पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान एक्सिस बैंक के एक खाते का उपयोग साइबर ठगी में म्यूल अकाउंट के रूप में किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी दीपिका राजपूत निवासी पेंवची, अकोदिया, जिला शाजापुर के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि आरोपी युवती ने रुपयों के लालच में अपने नाम से बैंक खाता खुलवाया और उसका गलत इस्तेमाल होने दिया। आरोप है कि 20 सितंबर 2025 को देश के विभिन्न राज्यों में घटित साइबर व आर्थिक अपराध की राशि धोखाधड़ीपूर्वक इसी खाते में प्राप्त की गई थी। कनाड़िया पुलिस अब इस खाते से जुड़े अन्य लेनदेन और मुख्य साइबर गिरोह की तलाश में जुटी है।

टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क के नाम पर 17.50 लाख की साइबर ठगी

क्राइम ब्रांच ने कराई पूरी रकम रिफंड

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। टेलीग्राम के जरिए ऑनलाइन टास्क और घर बैठे मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 17.50 लाख रुपए ऐंठ लिए। हालांकि, इंदौर क्राइम ब्रांच की त्वरित कार्रवाई और बैंक समन्वय से पीड़ित को ठगी गई पूरी 17.50 लाख रुपए की राशि वापस दिला दी गई है।

क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, यह मामला इंदौर निवासी फरियादी से जुड़ा है। अज्ञात साइबर जालसाजों ने टेलीग्राम पर उनसे संपर्क किया और ऑनलाइन टास्क पूरे करने तथा सोशल मीडिया ट्रेंडिंग से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से घर बैठे अच्छी कमाई का लालच दिया। आरोपियों ने शुरुआत में छोटे टास्क देकर उनके बदले कुछ रकम का भुगतान किया, जिससे फरियादी को उन पर भरोसा हो गया। विश्वास जीतने के बाद आरोपियों ने अधिक लाभ कमाने का प्रलोभन देकर अलग-अलग टास्क और निवेश के नाम पर कई बैंक खातों में रकम डलवानी शुरू कर दी। झांसे में आकर फरियादी ने विभिन्न खातों में कुल 17.50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब उन्हें ठगी का अहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम सक्रिय हुई और संदिग्ध लेन-देन व संबंधित बैंक खातों की जानकारी जुटाकर त्वरित समन्वय स्थापित किया। पुलिस ने ठग गिरोह के बैंक खातों को होल्ड व ब्लॉक करवाते हुए बैंकों से निरंतर संपर्क साधा और पीड़ित के 17 लाख 50 हजार रुपए सुरक्षित रूप से रिफंड करवा दिए। क्राइम ब्रांच मामले के अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
132100	128900
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
164900	160700

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

हाट बाजार में सजेगा सात दिनों तक बाजार

जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं का संगम, केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद करेंगे शुभारम्भ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित द्वारा 23 से 29 नवम्बर तक ग्रामीण हाट में सात दिवसीय राज्य स्तरीय 'आदि बाजार' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के जनजातीय शिल्पकार एवं उद्यमी अपने पारंपरिक एवं हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे। आदि बाजार का शुभारंभ 23 नवम्बर को अपराह्न 4 बजे होगा। पहली बार सात दिनों तक जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं का अनूठा संगम दिखेगा और बाजार सजेगा। जनजातीय शिल्पकारों के 30 स्टॉल लगेंगे। क़ेन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके और सांसद शंकर लालवानी शुभारम्भ करेंगे। यह आयोजन शिल्पकारों एवं उत्पादक समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और सीधे विक्रय के लिए प्रभावी विपणन मंच उपलब्ध कराएगा। महेश्वरी-चंदेरी वस्त्र, बाघ प्रिंट, डोकरा शिल्प, बाँस उत्पाद और जनजातीय चित्रकलाओं की दिखेगी विविधता, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शिल्प निर्माण का प्रत्यक्ष प्रदर्शन होगा। आठ राज्यों और पूर्वोत्तर की जनजातीय कला का संगम होगा। आयोजन में जनजातीय परंपराएं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लाइव शिल्प प्रदर्शन से जीवंत होंगी प्रस्तुति। शिल्प निर्माण का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया जाएगा। इससे आगंतुकों को जनजातीय शिल्पकारों की कार्यशैली, उनकी कलात्मक दक्षता और पारंपरिक निर्माण प्रक्रियाओं को करीब से देखने-समझने का अवसर मिलेगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी।



टॉयलेट के बाहर रंगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज वर्ल्ड टॉयलेट दिवस पर चाणक्यपुरी चौराहा स्थित टॉयलेट को सज्जित किया गया और टॉयलेट के बाहर रंगोली भी उकेरी गई। निगम कमिश्नर ने आज सिटी बस ऑफिस स्थित जनसुविधा केंद्र का निरीक्षण भी किया।

आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को किया जाएगा मजबूत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में वन स्टॉप सेंटर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को सुदृढ़ बनाने तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन नीव कार्यक्रम का रिलॉन्च किया गया। आंगनवाड़ी केन्द्रों में ईसीसीई गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित करें तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें। अलग-अलग विभागों के अधिकारी और सम्बंधित लोग भी मौजूद रहे। अधिकारी रजनीश सिन्हा, मयूरी राजपूत, ललित चौधरी ने अपनी भूमिका निभाई।

मतदाता जागरूकता में निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताएं

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महाविद्यालयों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय सांवेर, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय इंदौर एवं शासकीय महाविद्यालय खजराना में निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, शुद्ध मतदाता सूची, निर्वाचन नामावली की तैयारी तथा मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सावेर में प्राचार्य डॉ. डी.एस. कनेल, डॉ. किशोर एरण्डे,डॉ. बरखा श्रीवास्तव, प्रो. नारायण चौधरी, डॉ. लता सुनहरे, डॉ. माधुरी विरदे, डॉ. दर्शनी देव मौजूद थे। यहां विजेताओं में जानू तिवारी, रितिका सोलंकी, काजल, प्रिया जोशी, शानू, तनु परमार, पुष्पराज डुडवे, सचिन पटेल, मोइन, कृष्णा बाखला, दिनेश तंवर, सिमरन टिकोलिया विजेता रहे। संस्कृत महाविद्यालय में विजेताओं में लक्ष्मी गुप्ता, अनिता जामोद, बबीता रावत, राहुल शर्मा, गुंजन बघेल, राधिका मंडलोई, खजराना कालेज में स्नेहा केशने, खुशी परमार, संदीप भास्कर, प्रेम मुनिया, तपस्या यादव विजेता रहे जिन्हें पुरस्कृत किया गया।

विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत कल मैराथन का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत आम नागरिकों में विधिक जागरूकता बढ़ाने तथा सभी के लिए न्याय तक समान पहुंच का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कल 20 नवंबर को मैराथन/वॉकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है। 'रन फॉर जस्टिस ईच स्टेप टुवर्ड्स लीगल अवेयरनेस' अर्थात 'न्याय के लिए दौड़ें थीम पर कल यह मैराथान जिला न्यायालय परिसर से शुरू होगी। पंजीयन जिला न्यायालय में सुबह 6 बजे से होंगे। न्यायाधीश श्री सुबोध अभ्यंकर मौजूद रहेंगे। विजेताओं को क्रमशः 11 हजार, 7 हजार एवं 5 हजार रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम 500 प्रतिभागियों को टी-शर्ट मिलेगी।

रखबचंद्र बाबेल की जन्मशताब्दी मनाई जाएगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रखबचंद्र बाबेल की जन्मशताब्दी के अवसर पर 22 नवंबर सुबह 11 बजे से समारोह का आयोजन नंदनवन गार्डन अन्नपूर्णा तालाब के पीछे होगा। मदन परमालिया ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व विधायक सत्यनरायाण पटेल, कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे शामिल होंगे। स्वतंत्रता सैनानी बसंतीलाल पांडे सहित अन्य सैनानी परिवारों को भी सम्मानित किया जाएगा।

आज दोपहर कांग्रेस क़रेगी बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे और संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने बताया कि संगठनात्मक मुद्दे पर आज दोपहर 1 बजे कांग्रेस ने बैठक रखी है। इस आयोजन में कांग्रेस आब्जर्वर आरिफ नसीम खान भी मौजूद रहेंगे। चिन्टू चौकसे बाहर है, लेकिन बैठक शुरू होने के पहले पहुंचने की संभावना है। उक्त जानकारी संजय बाकलीवाल ने दी।

बीच रोड में खड़ा था ई-रिक्शा

विरोध पर हुई मारपीट, एक्टिवा में भी कर दी तोड़फोड़

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बाणगंगा थाना क्षेत्र में बीच सड़क पर ई-रिक्शा खड़ा करने से रोकने को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति के साथ मारपीट और उसकी एक्टिवा में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाणगंगा पुलिस के अनुसार, यह घटना अरविंदो के आगे, भौंरासला चौकी के सामने हुई और इसकी रिपोर्ट फरियादी अनिरुद्ध सिंह पिता भूपेंद्र सिंह जादौन, निवासी दिव्य विहार कॉलोनी, सांवेर रोड ने दर्ज कराई है। फरियादी अनिरुद्ध सिंह ने पुलिस को बताया कि वे अपनी बेटी प्रिशा को स्कूल वैन में छोड़ने के लिए भौंरासला चौकी के सामने पहुंचे थे। उसी दौरान वहां एक ई-रिक्शा चालक ने अपना वाहन सड़क के बीचों-बीच खड़ा कर रखा था।?अनिरुद्ध सिंह के मुताबिक, उन्होंने चालक से कहा कि वह गाड़ी थोड़ी साइड से लगा ले, ताकि आवागमन में परेशानी न हो। इतना कहते ही चालक गाली-गलौज करने लगा। जब उन्होंने गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने उनके साथ झूमाझटकी और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी ने खुद को टमटम रिक्शा वाला संतोष मालवीय निवासी रेवती रेंज बताया और गुस्से में आकर उनकी एक्टिवा पर पत्थरों से हमला कर तोड़फोड़ कर दी।

न्यायालय अपर तहसीलदार, तहसील मल्हारगंज जिला इन्दौर

क्र: 624/री-मल्हारगंज/2026 इंदौर, दिनांकः 3.11.2026

प्रकरण क्र.: 0004/अ-20(5)/26-27

::उद्घोषणा::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुक्त नगर पालिका निगम इन्दौर 7440441195 के द्वारा ग्राम सुल्काखेड़ी स्थित भूमि सर्वे नंबर 150 रकबा 0.680 हेक्टर भूमि स्थानीय निकाय को भूमि स्वामी हक में भूमि का दिया जाना हेतु आवेदन म.प्र. नजुल निवर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत भूमि आवंटन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि के आवंटन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो यह उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 3/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

अपर तहसीलदार,
तहसील मल्हारगंज, इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम

कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री विकास निकुम्भ पिता श्री केदारसिंह निकुम्भ** द्वारा झोन क्र. 16 राजस्व विभाग पर नामांतरण आवेदन क्र. 1214 दिनांक 18/11/2026 के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर खाता नं. 9000081069 पता **ए-27 हाईलिंक सिटी एक्सटेंशन ग्राम छोटा बांगड़दा इन्दौर** पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16
नगर पालिक निगम इन्दौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग, (ओल्ड पलासिया) इंदौर
E-mail ID:- eepwdelecind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना कमांकः– 61/व.ले.लि./वि./या./2025–26 इन्दौर दिनांक 14.11.26

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स. क.	टेण्डर नं.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (रू.)	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_549471	पं. शिवनाथ शास्त्री, शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविघालय बुरहानपुर में 8 पेसेन्जर (G+3) लिफ्ट का स्थापना का कार्य।	इंदौर	21.26	43,000/-	5,000/-	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. विद्युत पंजीकरण	3 माह वर्षाकाल सहित
		कुल राशि रू.		रू.21.26				

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेक लिस्ट, 4. एफिडेविट आदि अन्य विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 14.11.26 सुबह 10:30 से दिनांक 24.11.26 सांय 17:30 बजे तक निर्धारित है।
4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. वि/यां संभाग, इंदौर

G-21672/26



आदित्य-अमी हुए मजबूत

कमल की संघर्षपूर्ण जीत

प्रदेश के खिलाड़ी कमल चावला ने ग्रुप एफ में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बड़ी जीत हासिल की। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी हुसैन खान को कड़े मुकाबले में 4-3 से पराजित कयिा । छह फ्रेम तक दोनों खिलाड़ी एक-एक फ्रेम जीतते हुए 3-3 की बराबरी पर थे, लेकिन निर्णायक फ्रेम में कमल ने अहम मौके पर अपने खेल का स्तर और ऊंचा किया। उन्होंने अपनी सटीक 'पॉटिंग' और आत्मविश्वास से भरे खेल के दम पर सातवीं फ्रेम में 88 का ब्रेक लगाते हुए जीत हासिल की । इस जीत के साथ ग्रुप एफ में वे दो मुकाबले जीतकर नॉकआउट में जाने की दौड़ में बने हुए हैं ।

अमी ने लगाई जीत की हैट्रिक

***महिला** वर्ग में भारत की अमी कमानी ने अपना शानदार खेल जारी रखते हुए ग्रुप डी में शीर्ष स्थान बनाए रखा है । अब तक उन्होंने तीन मुकाबले खेले है और तीनों में ही जीत हासिल की है । अमी ने ईरान की सय्यदेहसबा मूसावी को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से पराजित किया । अमी ने शानदार 'पॉटिंग' और 'क्यू-बॉल' पर बेहतरीन कंट्रोल दिखाया, साथ ही पूरे खेल के दौरान वे बेहद संयमित नजर आई । उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को एक भी 'फ्रेम' जीतने का मौका नहीं दिया। उन्होंने दोनों फ्रेम में बड़े ब्रेक लगाए। पहली फ्रेम में 78 और दूसरी फ्रेम में 44 का ब्रेक लगाया।*



इन्दौर। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इंदौर के यशवंत क्लब में आयोजित आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है । देश के उभरते हुए खिलाड़ी आदित्य मेहता ने ग्रुप डी में अपने दोनों मैच जीतकर नॉकआउट राउंड के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। वहीं महिला वर्ग में स्थानीय खिलाड़ी अमी कमानी ने जीत की हैट्रिक लगाते हुए ग्रुप डी शीर्ष स्थान पर चल रही है । वहीं भारत के कमल चावला, रयान राजमी पुरुष वर्ग में तथा कीर्थना पांडियान ने भी जीत दर्ज कर ग्रुप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है ।

यशवंत क्लब के वातानुकुलित हॉल में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में भारत के दिग्गज स्नूकर खिलाड़ी आदित्य मेहता को ग्रुप डी में पोलैंड के ओलिवियर निज़ियालेक के खिलाफ ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा और 4-2 से जीत हासिल की । आदित्य ने पहली दो फ्रेम आसानी से अपने नाम की । लेकिन पोलैंड के ओलिवर ने जोरदार वापसी की और तीसरी और चौथी फ्रेम जीत स्कोर 2-2 की बराबरी पर ला दिया । लेकिन आदित्य ने पॉटिंग और क्यू-बॉल पर बेहतरीन कंट्रोल दिखाया और पांचवीं और छठी फ्रेम जीत मैच भी अपने नाम किया । छठी फ्रेम में आदित्य ने 64 का ब्रेक भी लगाया।

वहीं भारत की 16 साल की अफीफा फखरुद्दीन ने अपने दूसरे मुकाबले में आयरलैंड की 20 वर्षिय एला ओ'कॉनर को आसानी से 2-0 से हराया । अफीफा ने दोनों ही फ्रेम में अपना बेहतरीन खेल दिखाया, जिससे आयरलैंड की खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

आईपीएससी बालक वर्ग क्रिकेट स्पर्धा

प्रतियोगिता का शुभारंभ रोमांचक मुकाबले हुए



इंदौर । एमराल्ड हाइट्स में ऑल इंडिया आईपीएससी 17 वर्षीय बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन प्रतियोगिता में आज 5 मैच खेले गये । पहले मैच में डीपीएस मथुरा रोड की धमाकेदार जीत दर्ज की। डीपीएस ने हैदराबाद पब्लिक स्कूल को 176 रन से हराया । डीपीएस मथुरा रोड 20 ओर में 6 विकेट पर 232 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद पब्लिक स्कूल की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 56 रन ही बना सकी।

दूसरे मैच में मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने डेली कॉलेज को 182 रन के बड़े अंतर से हराया । मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 249 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में द डेली कॉलेज की टीम 14.4 ओवर में सिर्फ 67 रन पर 9 विकेट पर सिमट गई।

तीसरे मैच में हैदराबाद पब्लिक स्कूल ने लॉरेंस स्कूल को 137 रन से हराया हैदराबाद पब्लिक स्कूल बेगमपेट 20 ओवर में 6 विकेट पर 239 रन बनाए। जवाब में द लॉरेंस स्कूल सनावर की टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 102 रन ही बना सकी। मेन ऑफ द मैच कविन कार्तिक हैदराबाद पब्लिक स्कूल बेगमपेट के रहै।

चौथे मैच में वाईपीएस पटियाला ने धमाकेदार जीत दर्ज की, उसने बिरला स्कूल को 104 रन से हराया । वाईपीएस पटियाला 147 रन बनाए। जवाब में बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी 43 पर ही सिमट गई । मेन ऑफ द मैच द्रोन शोकीन वाईपीएस पटियाला के रहे। पांचवें मैच में वाईपीएस मोहाली ने मेजबान एमराल्ड हाइट्स को 5 विकेट से हराया । द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल की टीम ने 18.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 98 रन बनाए। जवाब में वाईपीएस मोहाली ने 18.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया । मेन ऑफ द मैच वाईपीएस मोहाली के आदित्य कुमार रहै।

5 विकेट जल्द खोने के बाद हेनरी व फिलिप्स जमे

बुमराह ने झटके तीन विकेट

वेलिंगटन। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन समाचार लिखे जाने तक न्यूजीलैंड ने पहली पारी में पांच विकेट गंवाकर 163 रन बना लिए थे । हेनरी निकोल्स 146 गेंदों पर 75 रन और ग्लेन फिलिप्स 84 गेंदों पर 56 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे । दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी हो चुकी थी । भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने अब तक सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए हैं, जबकि अंशुल कंबोज और आकाश दीप को एक-एक सफलता मिली है।

न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआती झटके झेले । बुमराह ने पारी की तीसरी गेंद पर कप्तान टॉम लाथम को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद तीसरे ओवर में अंशुल कंबोज ने डेवोन कॉनवे को ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। रचिन रवींद्र 15 रन बनाकर आकाश दीप की गेंद पर पंत को कैच थमा बैठे। बुमराह ने डेरिल मिचेल और टॉम ब्लंडेल को आउट कर अपने विकेटों की संख्या तीन कर ली। ब्लंडेल 22 गेंदों में पांच रन बनाकर शुभमन गिल के हाथों पहली स्लिप में लपके गए। इसके बाद निकोल्स और फिलिप्स ने भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना किया। दोनों ने चायकाल तक न्यूजीलैंड को 140 रन तक पहुंचा दिया।

भारतीय गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन– न्यूजीलैंड को 70 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। टॉम ब्लंडेल को जसप्रीत बुमराह ने शुभमन के हाथों कैच कराया। ब्लंडेल पांच रन बना सके। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स और हेनरी निकोल्स क्रीज पर भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामने करते हुए दिखाई दिए। दोनों ने अपने अर्धशतक पुरे कर लिए है । इससे पहले बुमराह ने उन्होंने टॉम लाथम (0) और डेरिल मिचेल (1) को आउट किया था। वहीं, अंशुल कंबोज ने कॉनवे (4) और आकाश दीप ने रचिन रवींद्र (15) को पैवेलियन भेजा था।



लंच ब्रेक तक चार विकेट गिराए

भारत ने पहले टेस्ट के पहले दिन लंच तक न्यूजीलैंड की पहली पारी में 60 रन पर चार विकेट गिरा दिए थे । हेनरी निकोल्स 58 गेंदों पर 29 और टॉम ब्लंडेल आठ गेंदों पर पांच रन बनाकर नाबाद थे । न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में कप्तान टॉम लाथम का विकेट गंवा दिया था। इसके बाद 12 रन तक डेवोन कॉनवे भी पवेलियन लौट गए।

बिहार टीम की सितारों से भरी दिल्ली टीम पर रोमांचक जीत

इंदौर। बिहार क्रिकेट टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ा उलटफेर कर दिया है । डेली कॉलेज मैदान पर खेले गए मुकाबले में बिहार ने दिल्ली की टीम को 2 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की टीम ने 5 विकेट पर 224 रन बनाए थे । वैभव सूर्यवंशी के बिना खेल रही बिहार की टीम ने एक गेंद रहते 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। तीन मैचों में यह बिहार की दूसरी जीत है। वहीं दिल्ली को पहली हार मिली है।

इसी मैदान पर खेले गए एक अन्य मुकाबले में हरियाणा ने तमिलनाडु को लो स्कोरिंग मुकाबले में 7 विकेट से पराजित किया । होलकर स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में पंजाब ने रेलवे को 8 विकेट से पराजित किया । वहीं होलकर स्टेडियम पर ही खेले गए दिन-रात के मुकाबले में सौराष्ट्र ने जम्मू-कश्मीर को 43 रन से पराजित किया।

अवनि, ऋषिना, सौरीश, दर्शिल अगले दौर में पंहुचे



इंदौर । मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब द्वारा आयोजित एवं साहिल ग्रुप द्वारा प्रायोजित तृतीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट में खेले गए मुकाबलों में महिला एकल वर्ग से अवनि जाट, ऋषिना त्रिपाठी तथा बालक वर्ग से शौरीश गुप्ता, दर्शिल सिंह ने अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। महिला एकल के प्री-क्वाटरफाइनल में अवनि जाट (इंदौर) ने आध्या जैन (इंदौर) 6-1, 6-0 से, ऋषिना त्रिपाठी (इंदौर) ने समृद्धि सिंह (इंदौर) 6-0, 6-0 से, निकिता यादव (महू) ने नंदनी पांगर (इंदौर) 6-2, 6-1 से, रेयवा मलिक (इंदौर) ने कृष्वी झा (इंदौर) 6-3, 6-3 से पराजित किया।

मां कनकेश्वरी क्लब सेमीफायनल में



इंदौर । एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित एमपीसीए अंडर-22 क्रिकेट स्पर्धा का क्वार्टर फायनल मैच एमकेसीसी एवं एलएसजीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एलएसजीसीए ने पहले खेलते हुए 62 ओवरो में सभी विकेट खोकर 262 रन बनाये। आर्यन पांचाल ने 90 रन बनाये। मोनिश पाटीदार ने 3 विकेट लिये। जवाब मं एमकेसीसी ने अपनी पहली पारी में 85 ओवरो में सभी विकेट खोकर 334 रन बनाये और 72 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । सुदीप वर्मा ने 87 रन एवं युवराज यादव ने 71 रन बनाये। रिषभ भंडारी ने 5 विकेट लिये। जवाब में मैच समाप्त होने तक एलएसजीसीए ने अपनी दूसरी पारी में 26 ओवरो में 5 विकेट खोकर 147 रन बनाये थे । विवेक तिवारी ने 4 विकेट लिये। इस तरह एमकेसीसी ने यह मैच अपनी पहली पारी की बढत के आधार पर जीत लिया।

श्रीराम स्पोर्टस की जीत– इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोटस एवं एसवीसीए के मध्य खेला गया जिसमें श्रीराम स्पोटस ने अपनी पहली पारी में 82 ओवरो में सभी विकेट खोकर 348 रन बनायें । मानवीर सिंह ने 156 रन बनाये। प्रमाद सिंह ने 5 विकेट लिये।

पुलिसकर्मियों की कार क्रेन से भिड़ी, 6 जवान घायल



वीआईपी ड्यूटी से लौट रहे थे एयरबैग खुलने से टला बड़ा हादसा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

चंदन नगर थाना क्षेत्र के धार रोड पर राजकुमार नगर के पास एक सड़क हादसे में वीआईपी ड्यूटी से लौट रहे पुलिसकर्मियों की इनोवा कार क्रेन से जा टकराई। इस दुर्घटना में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। गनीमत रही कि टक्कर के दौरान कार के एयरबैग खुल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया और सभी की जान बच गई।

सूत्रों के अनुसार, यह घटना चंदन नगर थाना क्षेत्र में धार रोड पर राजकुमार नगर के समीप हुई। पुलिसकर्मी वीआईपी ड्यूटी पूरी कर इनोवा कार से लौट रहे थे, तभी वाहन एक क्रेन से टकरा गया।





टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन समय पर एयरबैग खुल जाने से सवार पुलिसकर्मियों को गंभीर जानलेवा चोटों से बचाव मिल गया। हादसे में कार सवार छह पुलिसकर्मियों को चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी।

36 लाख की ठगी में पुलिस हिरासत में दम्पति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

लोन फोर्स क्लोज कराने के नाम पर 20 से अधिक पीड़ित आए सामने

एरोड्रम थाना क्षेत्र में लोन दिलाने और उसे समय से पहले 'फोर्स क्लोज' कराने का झांसा देकर 36 लाख रुपये से अधिक की बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में दंपति को अभिरक्षा में लिया है और विस्तृत पूछताछ के लिए उनकी पुलिस रिमांड ली जा रही है।

पुलिस के अनुसार, इस धोखाधड़ी के संबंध में 14 सितंबर को थाने पर कुछ आवेदकों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की शुरुआती जांच में यह तथ्य सामने आया है कि आरोपियों ने स्थानीय स्तर पर 'एपी ग्रुप' के नाम से एक संगठित समूह बना रखा था। आरोपी लोगों को बैंक अथवा वित्तीय संस्थानों से लोन स्वीकृत करवाने का भरोसा दिलाकर अपने विश्वास में लेते थे और फिर लोन को 'फोर्स क्लोज' कराने के नाम पर उनसे अलग-अलग किस्तों में बड़ी रकम जमा करवाकर ठगी करते थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी आयुष पोरवाल और उसकी पत्नी प्रिया पोरवाल को अभिरक्षा में लिया है। अब तक इस गिरोह के जाल में फंसे 20 से अधिक फरियादी थाने पहुंच चुके हैं और पीड़ितों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दंपति के साथ राजू सहित एक-दो अन्य लोगों की संलिप्तता की जानकारी भी सामने आई है। आरोपियों के हिरासत में आने की खबर फैलते ही पहले से पीड़ित कई अन्य फरियादी भी थाने पहुंचे हैं। पुलिस अब रिमांड के दौरान दंपति से ठगी गई रकम के ठिकाने और सहयोगियों के बारे में पूछताछ कर रही है, जिसके आधार पर अन्य आरोपियों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

साइबर ठगी की रकम खपाने वाला गिरफ्तार

म्यूल अकाउंट के जरिए की थी घटना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

साइबर अपराधों में इस्तेमाल हो रहे संदिग्ध बैंक खातों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत छोटीग्वालटोली थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ म्यूल अकाउंट चलाने का प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक खाते में साइबर धोखाधड़ी की राशि जमा होने के साक्ष्य मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है।



छोटीग्वालटोली पुलिस के मुताबिक, जांच में संदिग्ध खाते के उपयोगकर्ता जितेंद्र पिता पंचम सिंह, निवासी: इंदिरा नगर, मांगलिया के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी के इंडियन ओवरसीज बैंक के खाते को संदिग्ध म्यूल अकाउंट के रूप में इस्तेमाल किया गया, जिसमें 1 अप्रैल 2026 को साइबर ठगी की राशि जमा होना सामने आया। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने खाते के संचालन और इससे जुड़े संदिग्धों के संबंध में विवेचना शुरू कर दी है।

ब्राउन शुगर के साथ ऑटो चालक गिरफ्तार

काले बैग में रखा था एक लाख से अधिक का मादक पदार्थ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

क्राइम ब्रांच ने 12 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 1 लाख 20 हजार रुपए कीमत की ब्राउन शुगर बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर नेटवर्क की पड़ताल शुरू कर दी है।

शहर में गश्त और संदिग्धों की तलाश के दौरान टीम स्कीम नंबर 140 स्थित दिलपसंद ग्रीन मल्टी के पास पहुंची। वहां एक संदिग्ध युवक काले रंग का बैग लेकर खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस को



देखते ही घबराकर हड़बड़ाने लगा। संदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम निलेश इस्के निवासी मुसाखेड़ी, थाना आजाद नगर क्षेत्र बताया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कक्षा पांचवीं तक पढ़ा है और ऑटो चलाने का काम करता है। जब टीम ने संदिग्ध के काले रंग के बैग की तलाशी ली, तो उसके भीतर 12 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर मिली, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,20,000 रुपए आंकी गई है। क्राइम ब्रांच थाने में आरोपी निलेश इस्के के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

युवक की संदिग्ध मौत-

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। परदेशीपुरा क्षेत्र में रहने वाले हर्ष पिता शरद की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है, गंभीर अवस्था में दोस्त उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुकानदार पर चाकू से हमला कर किया लहूलुहान

उधार के रुपयों को लेकर हुआ विवाद, पहले गाली-गलौज, फिर विरोध के बाद मारपीट और फिर चाकू मार दिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में उधार लिए गए रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। एक युवक ने दुकान पर पहुंचकर गाली-गलौज शुरू की और विरोध करने पर दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार, यह घटना नाले किनारे कुलकर्णी का भट्ठा स्थित दुकान पर हुई और इसकी रिपोर्ट फरियादी निर्भयसिंह पिता मुकेश वाडिया, निवासी कुलकर्णी भट्ठा ने दर्ज कराई है। फरियादी निर्भयसिंह ने पुलिस को बताया कि आरोपी सन्नी सूर्यवंशी उनकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए कहने लगा कि जब रुपए वापस नहीं दे सकता तो उधार क्यों लेता है। निर्भयसिंह के मुताबिक, उन्होंने सन्नी सूर्यवंशी को शांत करने का प्रयास करते हुए समझाया कि वह गाली न दे, उनके रुपए वापस कर दिए जाएंगे। इतना सुनते ही सन्नी भड़क गया और हाथापाई करते हुए थप्पड़ व घूंसों से मारपीट करने लगा। इसी दौरान आरोपी ने चाकू निकालकर उन पर हमला कर दिया, जिससे उनके बाएं कंधे के पास, पेट और दाहिनी तरफ जांघ में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा।

तिजोरी से डेढ़ लाख रुपए नगद ले उड़े चोर, सूने मकान का ताला तोड़कर घुसे अन्दर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चंदन नगर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात बदमाश एक सूने मकान का ताला तोड़कर तिजोरी में रखे डेढ़ लाख रुपए नगद चुराकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। चंदन नगर पुलिस के अनुसार, यह घटना चांदमारी ईंट का भट्ठा क्षेत्र में हुई और इसकी रिपोर्ट फरियादी नंदकिशोर पिता नानसाहेब चालसे, निवासी चांदमारी ईंट का भट्ठा, चंदन नगर ने दर्ज कराई है। फरियादी नंदकिशोर ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके मकान का ताला तोड़ा और घर के अंदर घुसकर तिजोरी का लॉकर खोल लिया। इसके बाद लॉकर में रखे डेढ़ लाख रुपए नगद चुराकर ले गया।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com